

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 9 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 7 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 35 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028




4 ▶▶ अब वक्त भारत के विमर्श को गढ़ने का

करण जौहर का बड़ा फैसला ◀◀ 6

## कथाकार रणेंद्र को मिलेगा आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान



मेट्रो रेज

रांची : झारखंड के प्रसिद्ध कथाकार रणेन्द्र को आनंद सागर कथाक्रम सम्मान से 9 नवंबर को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। कथाक्रम सम्मान समिति के सदस्यों ने यह निर्णय लिया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान हर साल एक कथाकार को दिया जाता है। इससे पहले यह सम्मान कमलाकांत त्रिपाठी, चंद्रकिशोर जायसवाल, ओमप्रकाश बाल्मिकी, शिवमूर्ति, असगर वजाहत, मैत्रयी पुष्पा, दूधनाथ सिंह समेत कई लोगों को दिया जा चुका है।


**कौन हैं कथाकार रणेन्द्र**

कथाकार रणेन्द्र झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर अपनी सेवा दे चुके हैं। साल 2020 में वे सेवानिवृत्त हुए और इसके बाद वे अप्रैल 2024 तक झारखंड सरकार के जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक रहे। सहित्य के क्षेत्र में उनकी पहचान अब भी बनी हुई है। वह साल 2003 में प्रकाशित अपने पहले उपन्यास ग्लोबल ह्यगांव का देवताह्ल से वह हिंदी जगत में चर्चा में आए। वर्ष 2021 में प्रकाशित उनके तीसरे उपन्यास ह्यगूंगी रुलाई का कोरसह्न ने उन्हें और अधिक ख्याति दिलाई। इससे पहले 2014 में प्रकाशित उनका और उपन्यास गायब होता देश भी लोगों को खूब पंसद आया था।

**पहले भी मिल चुके हैं कई सम्मान**

इन उपन्यासों में रणेन्द्र ने आदिवासी जीवन और समाज व संस्कृति का वर्णन बहुत ही शानदार ढंग से किया है। इन उपन्यासों को लिखने के अलावा उन्होंने चार खंडों में प्रकाशित झारखंड एनसाइक्लोपीडिया का भी संपादन किया है। बता दें कि इससे पहले भी उन्हें कई सम्मान मिल चुके हैं। जिसमें जेसी जोशी स्मृति जनप्रिय लेखक सम्मान, बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान, पहला विमला देवी स्मृति सम्मान, ढींगरा फाउंडेशन अंतराष्ट्रीय कथा सम्मान, प्रेमचंद कथा सम्मान प्रमुख है।

# आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, मौद्रिक नीति का रुख न्यूट्रल किया



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) के निर्णय का बुधवार को ऐलान किया गया। केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी के छह में से पांच सदस्य रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में थे। ब्याज दरों को स्थिर रखने के साथ एमपीसी की ओर से मौद्रिक नीति रुख को विड्रॉइंग अकोमोडेशन से न्यूट्रल कर दिया गया है। इससे केंद्रीय बैंक को महंगाई की दिशा के मुताबिक, ब्याज दरों को तय करने में मदद मिलेगी।

गवर्नर ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर रह सकती है। हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया, जो कि पहले 7.2 प्रतिशत थी।

इसके अलावा वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 7.3 प्रतिशत था। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के लिए विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 7.2 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 7.2 प्रतिशत था। केंद्रीय बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर 4.5 प्रतिशत पर रह सकती है।

इसके अलावा वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में महंगाई दर के अनुमान को 4.4 प्रतिशत से घटाकर 4.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में महंगाई दर के अनुमान को 4.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में महंगाई दर के अनुमान को 4.3 प्रतिशत से घटाकर 4.2 प्रतिशत कर दिया। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के महंगाई दर के अनुमान को 4.4 प्रतिशत से घटाकर 4.3 प्रतिशत कर दिया गया है।

गवर्नर दास की ओर से कहा गया कि सितंबर के आंकड़ों में महंगाई बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कमीतें, प्रतिकूल आधार हाल ही में बड़ी मेटल की कीमतें हैं।

## यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की गाड़ी का एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे मंत्री



**प्रतापगढ़ :** उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री संजय निषाद की गाड़ी का बुधवार को प्रतापगढ़-रायबरेली बॉर्डर पर एक्सीडेंट हो गया। मंत्री की गाड़ी उनके काफिले के साथ चल रही एक एस्कॉर्ट गाड़ी से टकर गई। हादसे में मंत्री को हल?की चोटें आईं। यह घटना सलवन इलाके में हुई, जहां मंत्री को एक मीटिंग के लिए प्रतापगढ़ जाना था।

घटना के बाद, संजय निषाद को तुरंत प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज लाया गया। अस्पताल में उनके इलाज की प्रक्रिया जारी है। चिकित्सकों का कहना है कि मंत्री खतरे से बाहर हैं। उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। एक्सीडेंट के बाद, स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। इससे पहले जिले के डीएम और एसपी कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम के लिए उनकी अगवानी करने पहुंचे थे, लेकिन इस घटना की जानकारी होते ही दोनों अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंच स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि मंत्री को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर उन्हें प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज भेजा गया। अस्पताल में उनके इलाज के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और समर्थकों की भीड़ जमा हो गई। एक वीडियो में मंत्री को बेड पर लेटे हुए देखा जा सकता है, जबकि उनके आसपास कई लोग मौजूद हैं, जो उनकी स्थिति की जानकारी लेने के लिए आए थे।

इस घटना के बाद मंत्री संजय निषाद ने अपने समर्थकों को संदेश भेजा है कि वह ठीक हैं। प्रशासन घटना की जांच करने की बात कह रहा है।

प्रतापगढ़ में आज होने वाली मीटिंग को लेकर भी संशय बना हुआ है, क्योंकि मंत्री के घायल होने के कारण उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इस बीच, स्थानीय जनता और उनके समर्थक मंत्री की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं।

### नवरात्रि में भारतीय रेलवे की आम जनता के लिए पहल

## 150 से अधिक स्टेशनों पर व्रत की विशेष थाली की शुरूआत



**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने नवरात्रि के दौरान सफर कर रहे यात्रियों के लिए नई पहल की है। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 150 से अधिक स्टेशन पर व्रत की विशेष थाली शुरू की है। रेल मंत्रालय के मुताबिक, यात्री मोबाइल एप और वेबसाइट के जरिए इस स्वादिष्ट नवरात्रि व्रत स्पेशल थाली का ऑनलाइन ऑर्डर दे सकते हैं। व्रत की थाली तैयार करने में गुणवत्ता और पोषण का विशेष ध्यान रखा गया है। मंत्रालय के मुताबिक, नवरात्रि उत्सव मना रहे यात्री भोजन और पेय पदार्थ के संबंध में विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए भारतीय रेलवे ने 150 से अधिक स्टेशन पर नवरात्रि विशेष थाली शुरू की है। इनमें से कुछ स्टेशन मुंबई सेंट्रल, दिल्ली जंक्शन, सूरत, जयपुर, लखनऊ, पटना जंक्शन, लुधियाना, दुर्ग, चेन्नई सेंट्रल, सिकंदराबाद, अमरावती, हैदराबाद, तिरुपति, जालंधर सिटी, उदयपुर सिटी, बेंगलुरु कैंट, नयी दिल्ली, ठाणे, पुणे, मेंगलौर सेंट्रल स्टेशन हैं।

## जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुक्रिया, हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे : राहुल



**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के परिणामों पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया। प्रदेश में इंडिया की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। राहुल ने हरियाणा में मिली करारी हार पर कहा कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा कि हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे। दरअसल, हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा ने न सिर्फ सारे एग्जिट पोल्स को झूठा साबित कर दिया, बल्कि अपने विरोधियों को भी चौंका दिया है। इसके बाद से ही कांग्रेस अपने साथियों के निशाने पर है। हालांकि, कांग्रेस इन नतीजों को मानने के लिए तैयार नहीं है। उसने नतीजों में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत भी की है।

**कैसे रहे हरियाणा के चुनावी नतीजे?**

हरियाणा में 48 सीट जीतकर भाजपा सत्ता बरकरार रखने और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार है। कांग्रेस को 37 सीट पर जीत मिली है। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने दो सीटें जीतीं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को तीन सीट मिलीं। जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों को चुनावों में कोई सफलता नहीं मिली।

**जम्मू-कश्मीर के परिणाम**

जम्मू-कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने बाद पहली बार कराए गए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 51 सीट पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 42 पर उसे जीत मिली है, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस ने 32 सीट पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से छह उसके खाते में गईं हैं।

## अगवा किए गए सेना के जवान का शव मिला, शरीर पर चाकू के निशान



**जम्मू कश्मीर :** जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने सेना के एक जवान को अगवा कर लिया था जिसका शव मिला है। जानकारी के अनुसार, जवान का शव अनंतनाग के जंगल से मिला है। सूत्रों के हवाले से मीडिया में खबर चल रही है कि जवान के शरीर पर गोलियों और चाकू से काटे जाने के निशान मिले हैं। इससे पहले सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया था कि टेरिटोरियल आर्मी की 161 यूनिट के एक जवान को आतंकियों ने अगवा कर लिया। बुधवार सुबह सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी एएनआई ने खबर दी कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के जंगल में आतंकवादियों ने सेना के दो जवानों को अगवा कर लिया। हालांकि, इनमें से एक जवान वापस आने में कामयाब रहा। सुरक्षा बलों ने लापता जवान की तलाश के लिए अभियान शुरू किया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया कि खुफिया जानकारी के आधार पर 8 अक्टूबर को भारतीय सेना ने पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर कोकेरनाग के कजवान जंगल में एक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। टेरिटोरियल आर्मी के एक जवान के लापता होने की सूचना के बीच रात भर यह अभियान जारी रहा।

**जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाक का एक घुसपैठिया गिरफ्तार :** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा अधिकारियों की ओर से यह जानकारी दी गई।

## पुलिस के सामने पीटे गए भाजपा विधायक योगेश वर्मा, सामने आया वायरल वीडियो



**लखीमपुर खीरी:** यूपी के लखीमपुर जिले से सदर विधायक योगेश वर्मा की पिटाई खबर सामने आ रही है। दरअसल, यह घटना उस समय हुई जब विधायक ने अर्बन कॉपरेटिव बैंक चुनाव के दौरान मतदाता सूची फाड़ने पर अपनी आपत्ति जताई थी। स्थानीय स्तर पर चल रहे अर्बन कॉपरेटिव बैंक चुनाव के दौरान योगेश वर्मा ने जब मतदाता सूची को फाड़े जाने का विरोध किया, तो इस पर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने के बाद बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने विधायक पर हमला कर दिया। यह घटना सीधे पुलिस के सामने हुई, लेकिन पुलिस ने इस दौरान केवल मूक दर्शक बनकर सब कुछ देखा।

वहीं, इस घटना को लेकर पुलिस के लिए लोगों के बीच आक्रोश हो गया, कई लोगों का कहना है कि जब पुलिस मौजूद थी, तो उसे इस प्रकार की घटना को रोकना चाहिए था। जनता ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से कानून-व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस घटना के बाद स्थानीय राजनीतिक नेताओं और नागरिकों ने योगेश वर्मा के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि ऐसी हिंसा का राजनीतिक कारण नहीं होना चाहिए। सभी दलों को एक साथ आकर इस तरह की घटनाओं के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

घटना पर प्रशासन ने क्या कहा

आपको बता दें कि इस मामले को लेकर फिलहाल प्रशासन ने जांच करने के आदेश दिए हैं। विधायक योगेश वर्मा का आरोप है कि उनके साथ जानबूझकर हमला किया गया और इसे राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम बताया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि घटना की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लखीमपुर में विधायक योगेश वर्मा की पिटाई ने एक बार फिर राजनीतिक हिंसा और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। यह घटना न केवल स्थानीय राजनीति में उथल-पुथल का कारण बनी है, बल्कि यह लोगों के मन में पुलिस और प्रशासन के प्रति अविश्वास भी पैदा कर रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

### हरियाणा के परिणाम को लेकरपीएम मोदी का हमला

# 'हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली कांग्रेस'



मुंबई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेज का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय कौशल संस्थान और विद्या समीक्षा केंद्र का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने हरियाणा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर वोटबैंक की राजनीति करने और समाज को बांटने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्यां है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था, लेकिन कांग्रेस की सारी साज़िशें ध्वस्त हो गईं। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉमूर्ले पर चली है। कांग्रेस ने बार-बार ये सिद्ध किया है कि वो एक गैर-जिम्मेदार दल है। वो अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए नरैटिव गढ़ रही है। कांग्रेस समाज को बांटने का फामूर्ला लाती रहती है। कांग्रेस का फामूर्ला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोटबैंक में कन्वर्ट करो और वोटबैंक को मजबूत करों।

**महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात**

उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ। हां, ये बात अलग है कि कांग्रेस के राज में इतनी ही तेज गति से, इतने ही स्केल पर अलग अलग क्षेत्रों में भ्रष्टाचार जरूर होता था।

**'ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया'**

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अबुआ आवास योजना में भेदभाव जरूरतमंद परिवार हो रहे है लाभ से वंचित

**सिल्ली:** झारखंड सरकार ने अपने राज्य के गरीब तथा बेघर नागरिकों के लिए पक्का मकान दिलाने के उद्देश्य से अबुआ आवास योजना को शुरू किया है लेकिन सिल्ली प्रखंड में अधिकांश इस योजना का लाभ गरीब और बेघर परिवारों को नही बल्कि अमीर और संपन्न लोगों को मिल रहा है। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कुछ मुखिया है जो मुखिया चुनाव में उनको वोट किया है या फिर विस चुनाव में मुखिया के चहेते नेता को उसको ही अबुआ आवास दिया जा रहा है चाहे लाभुक हर दृष्टिकोण से संपन्न क्यों ना हो। इसका मामला फिलहाल पिस्का और टूटकी से सुनने में आया है जहां जहां निहित गरीब रोजमर्रा की जिंदगी में मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों को इस योजना का लाभ नही बल्कि गांव के संपन्न लोगों को दिया जा रहा है जिससे जरूरतमंद परिवार परेशान है जिसका सुनने वाला यहां कोई नहीं।

### एनजीटी के रोक का खुला उल्लंघन उत्खनन और परिवहन बदस्तूर जारी

**सिल्ली:** पुरे झारखंड में 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी ने नदी से बालू उठाव पर रोक लगा रखी है बावजूद राढू नदी के झाबरी एंव तेतला बालू घाट में बालू उत्खनन और परिवहन बदस्तूर जारी है। इन घाटों में रात को जेसीबी और पोकलेन से बालू उठाव खनन विभाग और पुलिस प्रशासन का बिना किसी डर भय का बदस्तूर जारी है। नदी किनारे पहाड़ जैसा हजारों सीएफटी बालू डंप है रात को उक्त डंप से रोजना सैकड़ों हाइवा व ट्रबो में बालू लादकर रांची, गोला आदि जगह भेजा जा रहा है। दिन में पोकलेन मशीने नदी किनारे खड़ा रहता है रात को नदी उतारा जाता है। स्थानीय ग्रामीण कहते है ये सबकुछ खनन विभाग और शासन प्रशासन के संरक्षण में हो रहा है। ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित नही करने की शर्त पर पहले तो कहा पेपर में छपने से भी कोई कार्रवाई नही होगा फिर बालू माफिया का नाम मुरली बताया जो एक राजनीतिक पार्टी का पदधारी है उसका गाड़ी में पार्टी का स्टीकर सटा हुआ है वो खुद को समाज सेवी कहता है और इसके आड़ में बर्षो से अवैध बालू करोबार में अकूत संपत्ति बना लिया है। इसके अलावे तेतला घाट में चौधरी करण चौरसिया संजय, दीपक नाम के बालू माफिया है जिनके जेसीबी और पोकलेन मशीन से बालू उठाव होता है।

### सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट 62 की जगह 60 हो : नरेश

**मुरी:** प्रगतिशील नागपुरी समाज ( प्राउविष्ट सर्व समाज) के अध्यक्ष नरेश चंद्र कारर्जी ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर सरकारी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की रिटायरमेंट उम्र 62 के बजाय 60 रहने की मांग की है। चुनावी दबाव के कारण 62 करने से बेरोजगारी बढ़ेगी, नौजवान बेरोजगार और बेरोजगार हो जाएंगे।इस लिए राज्य हित और बेरोजगार के हित में रिटायरमेंट उम्र सीमा 62 न किया जाए।

### गोगो दीदी योजना को लेकर स्पीकर ने भाजपा पर साधा निशाना



**धनबाद:** शहर के लुबी सर्कुलर रोड के एसएसएलएनटी कॉलेज के समीप पूजा पंडाल के उद्घाटन के लिए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो पहुंचे। उद्घाटन के बाद पूजा समिति के कार्यों की उन्होंने सराहना की। साथ ही उन्होंने गोगो दीदी योजना, झारखंड में अधिकारियों के तबादले और हरियाणा व जम्मू-कश्मीर हुए चुनाव पर मीडिया के समक्ष अपनी बातें रखी।

स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने झारखंड में हो रहे अधिकारियों के तबादले पर कहा कि चुनाव आयोग का सरकार को निर्देश मिलता है। जिसके बाद चुनाव के पहले अधिकारियों का तबादला किया जाता है, जो अधिकारी अधिक समय से किसी पद पर बने हुए हैं, उसके स्थानांतरण के लिए चुनाव आयोग निर्देश देता है। उन्होंने रांची के उपायुक्त का उदाहरण देते हुए कहा कि चार पांच दिन पहले ही डीसी ने योगदान दिया था। लेकिन चुनाव आयोग द्वारा सवाल खड़े करने पर सरकार के द्वारा उनका तबादला कर दिया गया। कौन क्या आरोप लगाते हैं, इससे सरकार कोई लेना देना नहीं है, जो सरकार चलाते हैं, उनके ऊपर यह निर्भर करता है।

हरियाणा में भाजपा की जीत पर उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य के चुनाव की तुलना झारखंड से करना गलत है। यहां भाजपा सभी बाहर से लाकर प्रत्याशी खड़ा कर रहें हैं। जम्मू-कश्मीर में आए रिजल्ट पर उन्होंने कहा कि पांच साल में चुनाव होता है। यही वह वक्त होता है जब जनता अपनी नाराजगी वोट के माध्यम से करती है। दूसरे राज्य की राजनीति से जोड़कर एक समीकरण बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

गोगो दीदी योजना पर स्पीकर ने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार से जारी नहीं की गई है। यहां के लोगों के लिए खुशहाली लाएं, यह हम भी चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने ही इस पर कहा है कि अगर पैसे देने का मन है तो हमारी मंईयां सम्मान योजना में जोड़कर देने का काम करें। उन्होंने कहा कि इस योजना की जिम्मेदारी आखिर कौन उठाएगा राज्य सरकार या केंद्र सरकार। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 4 सौ पार का नारा लगाया था, लेकिन महज 303 पर ही

## मांडर में मंईया सम्मान यात्राः कल्पना सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

# नारी शक्ति को लाभ नहीं देना चाहती भाजपा

**मेट्रो रेज**

**मांडर :** मंगलवार को मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा मैदान में मंईया सम्मान यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, राज्य की मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद महुआ मांझी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, और वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की समेत कई अन्य प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये रोक रखे हैं, जिससे राज्य को कई विकास परियोजनाओं के लिए धन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा ने मंईया सम्मान योजना के



खिलाफ अदालत में याचिका दायर की है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण को बाधित करना है। कल्पना सोरेन ने कहा, ‌‌भाजपा नहीं चाहती कि नारी शक्ति को किसी प्रकार का लाभ मिले। यह सरकार महिलाओं के कल्याण के प्रति उदासीन है और उनके विकास को रोकना चाहती है।

उन्होंने सभा को आगे संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वस्थ सहिया और गृहणियों के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार ने राज्य के किसानों का कर्ज माफ किया है और लोगों के बिजली बिल शून्य कर दिए हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि भाजपा को राज्य की राजनीति से पूरी तरह से हटाने के लिए एकजुट होकर काम करें।

कल्पना सोरेन ने हेमंत सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि ये योजनाएं न केवल महिलाओं को सशक्त बना रही हैं बल्कि पूरे राज्य के विकास में योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा, ‌हमारी सरकार ने किसानों के कर्ज माफी और बिजली बिल माफ करके राज्य के लोगों को बड़ी राहत दी है। अब समय आ गया है कि भाजपा को भी झारखंड में शून्य कर दिया जाए।‌

इसके बाद, कल्पना सोरेन का मांडर के राजकिला में भव्य स्वागत किया गया, जहां राजकुमारी माधुरी मंजरी ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद, सोरेन ने किले का परिभ्रमण किया और किले से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। चाय पार्टी के साथ इस आयोजन का समापन हुआ।

इस कार्यक्रम ने महिलाओं के सशक्तिकरण और भाजपा की नीतियों के खिलाफ एक स्पष्ट संदेश दिया, जिसमें कल्पना सोरेन ने झारखंड की जनता से अपील की कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का समर्थन जारी रखें।

## आदिवासी संगठनों ने किया प्रखंड मुख्यालय का घेराव




**मेट्रो रेज**

**चान्हो:** मंगलवार को चान्हो प्रखंड अंचल कार्यालय के सामने आदिवासी संगठनों ने प्रखंड मुख्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने आरोप लगाया कि अंचल क्षेत्र के रानीचाचो और मसमानो मौजा के गुड़गुड़िया मैदान में आदिवासियों की जमीन पर फर्जी कागजात तैयार कर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके। प्रदर्शनकारियों ने आदिवासी खतियान पर गैर-आदिवासियों को भूमि बेचने के मामलों पर भी रोष जताया। उन्होंने मांग की कि इस्तीफा कबूलियत के आधार पर आदिवासी भूमि की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। इसके साथ ही, सादा पट्टा से आदिवासी जमीन की खरीद-फरोख्त पर भी प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता बताई गई।

आदिवासी संगठनों ने विशेष रूप से सामाजिक और धार्मिक स्थलों जैसे पहनई, मुंडारी, पुजार महतो, कोटवारी, जतरा स्थल, और सरना स्थल को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा, भुईहरी जमीन को कायमी बनाकर उसकी खरीद-फरोख्त पर भी रोक लगाने की बात कही गई।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील की कि लंबे समय से लंबित दखल-दहानी मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए और एनआईसी द्वारा ऑनलाइन गड़बड़ियों को रोका जाए, ताकि भूमि संबंधी अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सके। इस आंदोलन में केंद्रीय सरना समिति और जमीन बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य भी शामिल थे, जिन्होंने सरकार से आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

## नाली मरम्मती आधूरा छोड़ने पर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**मेट्रो रेज**

**मुरी:** मस्जिद मुहल्ला छोटा मुरी के निवासी नाली मरम्मती आधूरा छोड़ देने पर रोष व्यक्त किया है।इस संबंध में बीडीओ को आवेदन देकर बताया है कि जगह जगह नाली मरम्मती का काम आधा अधुरा कर छोड़ दिया गया है और काम भी बंद कर दिया गया है जिसमें कई जगह नाली जाम हो गया है और नाली का पानी सड़क पर बह रहा है।और तो और नाली का पानी कहीं कहीं जामा भी हो गया है। जिससे मलेरिया, डेंगू फैलने की संभावना बढ़ गई है। नाली का पानी जामा होने से बदबु भी उठने लगा है। मामला मुरी पूर्वी पंचायत के सिंगपुर रोड मस्जिद पांडा का है। आवेदन देने वाले में मकसुद आलम,अमजद, रमजान,रहीम, अब्दुल कलाम, अनीस,महताब आदि थे।

## हेमंत कैबिनेट का 81 प्रस्तावों पर मुहर

# 25 के बजाय 50 विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए जा सकेंगे विदेश

**रांची:** झारखंड में विधानसभा चुनाव घोषणा होने से ठीक पहले मंगलवार को हेमंत सोरेन कैबिनेट की मैराथन बैठक हुई, जिसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गयी। इस बैठक के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात की। इसके अलावा कैबिनेट सचिव ने पारित प्रस्तावों की जानकारी मीडिया को दी। झारखंड मंत्रालय में देर शाम तक चली इस बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि आतंकवादी या नक्सली हिंसा में शहीद होने वाले सैप जवानों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिपरिषद ने माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 में केंद्र सरकार के द्वारा संशोधन किए जाने के पश्चात झारखंड राज्य मालकर एवं सेवा



कर अधिनियम 2017 में संशोधन करते हुए झारखंड राज्य मालकर एवं सेवा अधिनियम 2024 प्रख्यापन के संबंध में निर्णय लिया गया है। कैबिनेट में दिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि अब विदेशों में पढ़ाई करने के लिए 25 के बजाय झारखंड के 50 विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए जाएंगे मंत्रिपरिषद ने इसकी मंजूरी दी है। इसके अलावा कई ऐतिहासिक निर्णय दिए गए हैं। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार कई ऐसे फैसले लिए हैं जिससे सचिवालय के कर्मचारी से लेकर बड़े अधिकारी तक लाभान्वित हुए हैं। सीएम ने कहा कि सरकारी कर्मचारी के प्रमोशन को लेकर कई तरह की समस्याएं हैं। जिसको निपटाने के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की जा रही है।

## हरियाणा में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री की सकारात्मक सोच का परिणाम : चंपाई सोरेन

**जमशेदपुरः** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव में भाजपा की जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच का परिणाम है।

**झारखंड में परिवर्तन होना तय**

चंपाई उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच देश में विकास को गति प्रदान कर रहा है। पीएम की सोच के कारण ही आज हरियाणा में भाजपा की जीत हुई है। साथ ही उन्होंने दावा करते हुए कहा कि झारखंड में भी परिवर्तन होना तय है। इसे कोई नहीं रोक सकता है।

**चंपाई ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन**

बताते चलें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन जमशेदपुर की बागबेड़ा पंचायत इलाके में दुर्गा पूजा पंडाल



का उद्घाटन करने पहुंचे थे। चंपाई सोरेन ने दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करने के बाद मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया।

**मां की शक्ति से बढ़कर कोई और नहीं**

पूजा-अर्चना करने के बाद पूर्व सीएम चंपाई ने कहा कि दुर्गा पूजा भारत की संस्कृति से जुड़ा त्योहार है। पूजा के दौरान लोग एक-दूसरे से मिलते हैं। साल में एक बार मां शक्ति की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि मां हमें शक्ति प्रदान करती हैं और इस दुनिया में मां की शक्ति से बढ़कर कोई और नहीं है। चंपाई ने कहा कि दुर्गा पूजा हमें प्रेम, भाईचारा और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। इस मौके पर क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य कविता परमार, पूर्व विधायक मेनका सरदार, समाजसेवी शम्भू सिंह और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम से फीलगुड में भाजपा

# ढोल की धून पर कार्यकर्ताओं संग झूमे बाबूलाल

**रांची:** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम से बीजेपी फिलगुड में है। लगातार तीसरी बार बहुमत पाने में सफल रही भारतीय जनता पार्टी के इस सफलता पर देशभर में जश्न का माहौल है। हरियाणा के बाद अब सबकी नजरें झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है।

आज 8 अक्टूबर को जैसे ही हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आने लगे उसके बाद से ही धीरे धीरे-धीरे पिक्चर साफ होने लगा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल हो रही है। जिसके बाद जश्न का दौर शुरू हुआ। मंगलवार देर शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने ढोल नगाड़ों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं ने इस जीत पर खुशी मनाई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ढोल बजाया तो संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने उन्हें लड्डू खिलाकर खुशी मनाई। खुशी के इस क्षण में भाजपा दफ्तर पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यकताओं को इस जीत की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा आतिशबाजी की गई। हालांकि बारिश की वजह से इस जश्न में खलल जरूर पहुंचा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकताओं के साथ जश्न मनाते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता का विश्वास है और यही वजह है कि उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्य की जीत हुई है। हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 वर्षों के काम पर फिर से मुहर लगाई है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि या नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड की जनता भी आने वाले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार यहां मनाएगी। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा की नीति और नियत को देश और प्रदेश की जनता समझ चुकी है। इसलिए लगातार भाजपा पर भरोसा बढ़ा है पहले मोदी जी के नेतृत्व में और अब हरियाणा की हैट्रिक बनाकर जनता ने धोखेबाज दलों को सबक सिखाया है।



## सुविचार

**भरोसा रखें कि हमारा जीवन बहुत शानदार है और यही भरोसा इसे हकीकत बना देगा।**

## बीजेपी की हरियाणा में शानदार जीत

**जम्मू-कश्मीर** और हरियाणा के चुनाव नतीजों ने किसी तरह के असमंजस की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। इसके संदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। जैसा कि पहले से माना जा रहा था इन चुनावों के नतीजे न सिर्फ जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की जनता और वहां की राजनीति के लिहाज से अहम हैं बल्कि कई महत्वपूर्ण मसलों पर राष्ट्रीय राजनीति का रुख भी इनसे प्रभावित होने वाला है। जम्मू-कश्मीर के लिए ये नतीजे निश्चित रूप से एक नए दौर का संकेत माने जा सकते हैं। दस साल के अंतराल के बाद हुए इन चुनावों में आम लोगों की जैसी भागीदारी रही और जिस तरह से अलगाववादी धारा का हिस्सा रहे लोग भी चुनावी राजनीति की राह अख्तियार करते दिखे, वह न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक पॉजिटिव संदेश है। सबसे बड़ी बात- नैशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला, जिस पर चुनावी मुकाबले में कुछ पीछे रह गई पीडीपी ने भी संतोष जताया। इन चुनावों ने जिस एक बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया, वह है जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा। यह इकलौती ऐसी बड़ी मांग रही, जिस पर बीजेपी समेत सभी पक्षों की सहमति है। शांतिपूर्ण चुनाव, उत्साहवर्धक जनभागीदारी और स्पष्ट जनादेश- ये तीनों ही बातें इस पर जोर दे रही हैं कि अब इसमें और देर नहीं करनी चाहिए। जितनी जल्दी संभव हो जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होना चाहिए। हरियाणा में दस साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को मात देते हुए बीजेपी ने जो तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, वह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। 'किसान, जवान और पहलवान' के नाम पर जो नैरेटिव लंबे समय से चलाया जा रहा था, वह अब अपनी चुनावी उपयोगिता खोता दिख रहा है। कांग्रेस के हार स्वीकार करने से पहले ही जिस तरह से विपक्षी गठबंधन इंडी के दो घटक दलों -आम आदमी पार्टी और शिवसेना- ने कांग्रेस के रुख को निशाना बनाना शुरू कर दिया, उससे साफ है कि ये नतीजे विपक्षी राजनीति में कांग्रेस की राह मुश्किल बनाने वाले हैं। जहां तक राष्ट्रीय राजनीति में सत्तारूढ़ खेमे की बात है तो वहां भी ये चुनाव बीजेपी नेतृत्व के लिए राहत लेकर आए हैं। लोकसभा चुनाव में सीटें कम होने के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि घटक दलों के दबाव में सरकार चलाना आसान नहीं साबित होने वाला। संघ और बीजेपी के कुछ नेताओं के असुविधाजनक बयान भी चर्चा बटोर रहे थे। इन सबसे यह परसेप्शन बन रहा था कि पार्टी पर मौजूदा नेतृत्व की पकड़ कमजोर हो रही है। चुनाव नतीजे इन असंतुष्ट गतिविधियों पर अंकुश लगाने का काम कर सकते हैं।

## युद्ध के जोखिम

**हमास के** लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम 'आयरन डोम' को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं।

गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए। ऐसा कोई भी हमला ईरान को नुकसान चाहे जितना पहुंचा दे, पर उसके सभी भूमिगत परमाणु ठिकानों को नष्ट कर देगा, ऐसा नहीं माना जा सकता। दूसरी बात यह कि इस तरह के हमले के बाद वहां प्रतिक्रियावादियों का प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। कोई भी लंबा युद्ध तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ ऐसे कई साइडइफेक्ट्स लाएगा जिससे पूरी दुनिया त्रस्त होगी। एक साल लंबे इस संघर्ष ने खुद इस्राइल को भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। जनहानि को फिलहाल एक तरफ कर दें तो भी जीडीपी ग्रोथ नीचे ही जा रही है, हाल ही में दो रेटिंग एजेंसियों झ्र मूडी और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स झ्र ने उसकी क्रेडिट रेटिंग कम कर दी है। यह भी नहीं माना जा सकता कि वह पहले के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित है। इस्राइल और इस्राइलियों की असली सुरक्षा मिसाइल हमलों की आशंका दूर करने में नहीं, गुरिल्ला लड़ाकों का खतरा टालने में है, जिसके सूत्र फलस्तीनियों के साथ बेहतर और मानवीय व्यवहार में हैं। लेकिन यह बात इस्राइली नेतृत्व को बताए कौन?

# अब वक्त भारत के विमर्श को गढ़ने का

**पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है।**

**प्रहलाद सबनानी**

आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में 'शुभ-लाभ' की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे 'शुद्ध लाभ' की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से 'शून्य लाभ' के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। एमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। यह संस्कार भारतीय नागरिकों में 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना का संचार करते है। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है। अतः भारतीय सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के हितार्थ समस्त देशों को अपनाना चाहिए, आज यह विमर्श खड़ा किए जाने की सख्त आवश्यकता है।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है। साथ ही, भारत में 'संयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार है।'

पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है। एक से अधिक शादियां करने के चलते पश्चिमी देशों में बच्चों को अपने पिता के बारे में ही जानकारी नहीं रह पाती है। बुजुर्ग दम्पति अपने अंतिम समय पर बहुत पीड़ादायी जीवन जीने को मजबूर हैं। बच्चों में हिंसा की प्रवृति बढ़ रही है एवं छोटे-छोटे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उक्त प्रकार की कई सामाजिक बुराइयों ने इन देशों में अपना घर बना लिया है। 'भारत ने विश्व का दिल जीता है' एवं 'भारतीय संयुक्त परिवार ही सुख का आधार है, 'सेवा कार्य भारतीय नागरिकों के डीएनए में है' जैसे विमर्श आज हम भारतीयों को गढ़ने की जरूरत है।

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि 'प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोय, यह भारतीय विचारधारा है। हिंदू एक जीवन पद्धति है इसे धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। धर्म का आश्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से है। जबकि कई बार हिंदू शब्द को धर्म से जोड़ दिया जाता है और हिंदू को एक अलग धर्म मान लिया जाता है। हिंदू राष्ट्र भारत की संकल्पना है। अतः आज यदि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के विरुद्ध झूठे विमर्श गढ़ने में व्यस्त हैं तो भारत को भी अपने बारे में सत्य पर आधारित विमर्श गढ़ने की महती आवश्यकता है। भारतीय सनातन संस्कृति तो इस धरा पर उपस्थित समस्त जीवों के भले की बात करती है, इसीलिए भारत में पर्वत, नदी, पेड़, पौधों, जंतुओं आदि को भी पूजा जाता है। भारतीय संस्कृति में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। परंतु, दुर्भाग्य से आज पूरे विश्व में हिंसा व्याप्त है। इस हिंसा को केवल और केवल भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपना कर ही रोका जा सकता है। भारत के बारे में वास्तविक एवं सत्य पर आधारित विमर्श को गढ़कर, इस विमर्श के माध्यम से विश्व के अन्य देशों के नागरिकों को भारतीय सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित किया जा सकता है।

**(लेखक, आर्थिक मामलों के विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)**

# टैगोर से दूर जाता बांग्लादेश

**राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में 'राष्ट्रवादियों' ने 'एक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगान' को अपनाने की मांग की। 1979 में कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधानमंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला 'राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीत' है क्योंकि इसे 'एक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थी।**

**आर.के. सिन्हा**

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे अपने राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ यही है कि इसके रचयिता टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद वे चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को बांग्लादेश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए, मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसला लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है।

वैसे तो बांग्लादेश में नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि राष्ट्रगान को बदलने की 'कोई योजना नहीं' है। सरकार 'ऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो।' हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' ('मेरा स्वर्णिम बंगाल') की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के 'अमी कोथाय पाबो तारे' से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी।

दरअसल, बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलने की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आजमी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमात-ए-इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तानी सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया, जिसे बदला जाना चाहिए। इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो 1975 में देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं। गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। बांग्लादेश में काजी नजरुल इस्लाम जैसे महान बांग्ला कवि को भी खारिज किया जा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू देवी-देवताओं की स्तुति में लिखा है। बांग्लादेश में ऐसे गीत की मांग हो रही है जिसमें 'दूसरी स्वतंत्रता' का उल्लेख हो। बांग्लादेश में न्यूज एजेंसी के संवाददाता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार और संपादक महेन्द्र वेद बताते हैं कि बांग्लादेश में राष्ट्रगान बदलने की मांग अगस्त 1975 में शेख मुजीब की हत्या के तुरंत बाद शुरू हुई थी। राष्ट्रपति खोंडकर मुश्ताक अहमद ने समिति गठित की थी, जिसने राष्ट्रगान को काजी नजरुल इस्लाम या फारूख अहमद के लिखे गीतों से बदलने का प्रस्ताव रखा था। हालाँकि, उस वर्ष नवंबर में खोंडकर के हटाए जाने के बाद यह पहल पूरी नहीं हुई।


राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में 'राष्ट्रवादियों' ने 'एक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगान' को अपनाने की मांग की। 1979 में कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधानमंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला 'राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीत' है क्योंकि इसे 'एक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थी।' उन्होंने 'प्रथम बांग्लादेश' का प्रस्ताव रखा। जिया के राष्ट्रपति पद के दौरान राष्ट्रीय टेलीविजन और सरकारी कार्यक्रमों के दौरान 'अमार सोनार बांग्ला' के बाद यह गीत बजाया जाता था। 1981 में जिया की हत्या के बाद यह बंद हो गया। यह गीत वर्तमान में जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का 'पार्टी गीत' है। 2002 में जिया की पत्नी बेगम खालिदा जिया बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं तब बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेता मोतीउर रहमान निजामी ने 'इस्लामी मूल्यों और भावना' को शामिल करने के लिए टैगोर के गीत में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि देश की कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। बहरहाल, बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीब की मूर्तियाँ नष्ट कर दी गईं और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि मनाई गई। बहुत साफ है कि बांग्लादेश अब बदल रहा है। उस पर कठमुल्लों का असर बढ़ता जा रहा है। अब बांग्लादेश उस पाकिस्तान के करीब आ रहा है जिसकी सेना ने ईस्ट पाकिस्तान में भयंकर कत्लेआम किया था। 1971 में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर पाकिस्तानी सेनाओं का कहर टूटा था। उस समय खुलना, खुस्तिया, इसर्दीह आदि स्थानों पर क्या नरसंहार हुआ, क्या तबाही का आलम था, एक युद्ध संवाददाता के रूप में उसका प्रत्यक्षदर्शी गवाह स्वयं मैं हूँ। न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी 29 जून, 1971 की एक लोमहर्षक रिपोर्ट में पूर्वी पाकिस्तान के शहर फरीदपुर में सेना के आतंक की कहानी बयां की थी। पाकिस्तानी सेना ने फरीदपुर में हिंदुओं की दुकानों पर बड़े पीले रंग से 'एच' लिख दिया था जिन्हें सेना ने लूटना था। जाहिर है, 'एच' का मतलब हिन्दुओं की दुकानों से था। फरीदपुर के दस हजार हिंदुओं में से अधिकतर की हत्या कर दी गई थी और बचे-खुचे भारत में जान बचा कर चले गए थे। दरअसल, 1971 में पाकिस्तानी फौजों ने फरीदपुर ही नहीं, बल्कि सारे पूर्वी बंगाल में हिन्दुओं को मारा था। पाकिस्तानी सेना पूर्वी पाकिस्तान से हिन्दुओं का नामोनिशान मिटाने पर लगी हुई थी। अब ये सवाल नहीं है कि जब भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे या अधिक। सवाल यह है कि क्या बांग्लादेश हिन्दू-विहीन हो जाएगा और वहां गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्र गीत को खत्म कर दिया जाएगा?

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# आत्मबोध का पुण्य काल है नवरात्रि

**अध्यात्म**

स्वजागरण और आत्म बोध का काल है नवरात्रि, जो प्राचीन काल में अहोरात्रि के नाम से प्रख्यात थी। यह स्वयं से और अपनी ऊर्जा से रूबरू होने की घड़ी है। जंबूद्वीप के भारत खंड में अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक का काल नवरात्रि के रूपमें मनाए जाने की परंपरा के सूत्र प्रागैतिहासिक काल से प्राप्त होते हैं। दो ऋतुओं के संधिकाल का यह नौ दिनों का बेहद लंबा पर्व स्वयं में बेहद विलक्षण और अदभुत है। इस पर्व को देवी 'अम्बा' का पर्व कहा गया है। अंबा शब्द 'अम्म' और 'बा' के युग्म से बना है। कुछ द्रविड़ भाषाओं में अम्म का अर्थ जल और बा का मतलब अग्नि से है। लिहाजा अंबा का शाब्दिक अर्थ बनता है, जल से उत्पन्न होने वाली अग्नि अर्थात विद्युत। इसलिए कहीं कहीं नवरात्रि को विद्युत की रात्रि यानि शक्ति की रात्रि भी कहा जाता है। यह पर्व नितांत वैज्ञानिक अवधारणों पर विकसित है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण इसे शक्ति विस्तार के लिए विपरीत परिस्थितियों से सामना करने से जोड़ कर देखता है। संघर्ष का अर्थ बाह्य युद्ध नहीं है, ना ही शक्ति प्राप्ति का अर्थ किसी देवी के खाते से शक्ति का स्थानांतरण है। यहां शक्ति से आशय स्वयं की महाऊर्जा से है, अंतर्मन की महाऊर्जा से है। नवरात्रि का दिव्य पर्व शक्ति को किसी पंडाल में स्थापित करने से ज्यादा बाहर बिखरी हुई अपनी ही ऊर्जा को खुद में समेटने की बेला है। इसकी त्रिरात्रि स्वपरिचय और ज्ञान बोध की, तीन रात शक्ति संकलन और संचरण यानी फैलाव की और त्रिनिशा अर्थ प्राप्ति की कही गयी हैं। ये नौ दिन किसी तलवार को नहीं, स्वयं को धार प्रदान करने की अदभुत बेला है।



वैज्ञानिक चिंतन कहता है कि हम बाह्य मस्तिष्क का सिर्फ. कुछ प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पाते हैं। हमारे बाह्य मस्तिष्क यानी चेतन मस्तिष्क से हमारा अचेतन मस्तिष्क नौगुणा ज्यादा क्षमतावान है। इसलिए समस्त आध्यात्मिक साधनायें स्वयं में जाने की ही अनुशंसा करती है। आध्यात्म में नवरात्रि का पर्व अपने उसी नौ गुनी क्षमता के पुनर्परिचय का काल है। नवरात्रि की प्रत्येक रात्रि हमारी स्वयं की सुप्त आंतरिक क्षमताओं और ऊजाओं के भिन्न भिन्न पहलुओं को उद्घाटित करती है, जिसे मान्यताएं नौ प्रकार की शक्तियों या देवियों की संज्ञा देती है। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री, ये दरअसल किसी अन्य लोक में रहने वाली देवी से पहले हमारी अपनी ही ऊर्जा के नौ विलक्षण स्वरूप हैं। शैलपुत्री अपने अस्त्र त्रिशूल की भांति हमारे त्रीलक्ष्य, धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ मनुष्य के मूलाधार चक्र पर सक्रीय बल है, वहीं ब्रह्मचारिणी अपनी कमंडल यानि पूर्व कर्म या प्रारब्ध और माला अर्थात्नवीन कर्म के साथ कुंडलिनी शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वाधिष्ठान चक्र की शक्ति हैं। हमारे मणिपुर चक्र अर्थात नाभि चक्र की ऊर्जा चंद्रघंटा जीवन के ढेरों सुगंधों और ब्रम्हाण्डिय ध्वनियों के संग अपने हस्त के बंद कमल के रूप में कीचड़ में भी पवित्रता व स्निग्धता के साथ अनेक लक्ष्य के साथ भी एकजुटता की द्योतक हैं, वहीं अनाहत चक्र यानि ह्रदय चक्र पर गतिशील ऊर्जा, कूष्माण्डा के हाथ के शस्त्र, कमंडल, पुष्प,अमृत कलश, चक्र व गदा के साथ धनुष-बाण अनेक माध्यमों से समस्त सिद्धियों और निधियों को समेट कर एक लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संकेत है। विशुद्ध चक्र यानि कंठ चक्रपर क्रियाशील शक्ति स्कन्दमाता अपने हस्त के खिलते पंकज के रूप में एक केंद्र पर चेतना के विस्तार को परिलक्षित करती है। आज्ञा चक्र की ऊर्जा, जो कात्यायनी कहलाती है, अपने अस्त्र तलवार के धार की तरह तीसरे तिल से आगे बढ़कर जीवात्मा को अपने तत्व शब्द को थाम कर अपनी परम चेतना सदगुरु यानि प्रभु में समाहित होने की प्रेरणा देती है। कालरात्रि मुख्यतः सहस्त्रार चक्र का निचला बल है, जो अपने शस्त्र कृपाण से हमारे बंधनों को काटकर, काल (समय) जिन्हें इस जगत का ईश्वर भी कहा जाता है, की सहमति और कृपा प्रदान करके जीवात्मा को इस स्थूल शरीर से परे जाने के लिए प्रेरित करती है। महागौरी सहस्त्रार चक्र की मध्यशक्ति है, जो अभय मुद्रा, वर मुद्रा, डमरू और शूल से हमें महाध्वनि अर्थात परम नाद से जोड़ने में सहायक होती है।सहस्त्रार की उच्च ऊर्जा सिद्धिदात्री अपनी अष्टसिद्धियों, अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्यप, ईशित्व और वशित्व की सहायता से हमें तृतीय द्वार से आगे बंकनाल तक सदगुरु में मिलाकर इस निचली परत के ऊपर मोक्ष की ओर गति प्रदान करती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## दस दिनों तक चलने वाले महापर्व दुर्गा पूजा का हुआ शुभारंभ

# देश की आजादी के पहले से मिर्जाचौकी के दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की होती आ रही है पूजा

- 1945 ईस्वी से स्थापित कर झोपड़ी में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा किया गया था
- अंग्रेज शासन काल समय में झोपड़ी में मां दुर्गा प्रतिमा बैठाकर किया गया था पूजा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/मंडरो :** दस दिनों तक मनाया जाने वाला नवरात्र यानी दुगार्पूजा महापर्व नवरात्र का शुभारंभ हो गया है, क्षेत्र भक्ति मय से माहौल भरा पड़ा है। मिजाचौकी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है,विशेष तौर पर बात की जाए तो सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में वृहद और भब्य रूप मां का प्रतिमा रूप रेखा दिया जा रहा हैं नवरात्र का त्यौहार मनाया जाना है।इसको लेकर समिति के सभी सदस्य दिन रात एक कर जुटें हुए है।79 सालों समय से होती आ रही है मिजाचौकी स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की पूजा मंदिर का अपना इतिहास बना है मिजाचौकी में सर्वप्रथम मां दुर्गा की पूजा एक झोपड़ी में प्रतिमा स्थापित कर 1945 ईस्वी में भरण भगत, राम स्नेही भगत, राम परिखा राम ने शुरू की थी कुछ वर्षों बाद सोमेश्वर जयसवाल अध्यक्ष बने और उनके मार्गदर्शन पर पूजा समिति द्वारा पक्का मंदिर का निर्माण कराया गया उक्त स्थल पर मां की प्रतिमा की स्थापना की गई थी जैसे जैसे समय बिता वैसे वैसे समिति का गठन कर मंदिर का रूप रेखा दिया जाता रहा। वैसे कहा जाता है। की प्रत्येक वर्ष मिजाचौकी में होने वाले दुर्गा पूजा की भव्यता का एक अलग ही अंदाज में देखने को मिलता है जिस वजह से नवरात्रि के अष्टमी नवमी और दशमी के दिन निर्मित प्रतिमा के दर्शन व मेला घूमने के लिए आदिवासी, आदमजनजाति आसपास गांव के सभी महिला पुरुष और बच्चे मां के दर्शन और मिजाचौकी में लगने वाले मेले का लुफ्त उठाने के लिए पहुंचते है।

क्या कहते हैं अध्यक्ष राजीव जयसवाल सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मिजाचौकी में प्रत्येक वर्ष दुर्गा पंडाल की रूपरेखा बदलती रहती है। हर साल लाखों रुपए खर्च कर पंडाल और मुर्ती को बनाया जाता है? मिजाचौकी पूजा और मेला में हजारों की संख्या में भक्त मां का दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। मेला में आनंद उठाते हैं। दुर्गा पूजा में यह क्षेत्र भक्ति में हो जाता है।बंगाल के कारीगरो द्वारा आकर्षक और शानदार पंडाल का हो रहा निर्माण कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद भगत हर वर्षो की भांति इस वर्ष 2024 में उत्साह और उमंग से लबरेज है। जिस कारण सभी कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते नजर आ रहे है।पंडाल का निर्माण आकर्षक हो इसमें लगे है। समिति कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद भगत का कहना है। प्रत्येक वर्ष आकर्षक किसी मंदिर तर्ज.के पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों के द्वारा किया जाता है। पूजा पंडाल का निर्माण नवदीप धाम से आए सर्वदा घोष द्वारा बनाया जा रहा है वहीं मुर्ती कलाकार नंदन पाल मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप रेखा देने में लगे हैं। मां के सजावट एवं पूजन में अलग अलग रूप की पूजा पाठ श्रृंगार में निखरता है। अष्टमी का पट खुलते ही यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। ने बताया मंदिर में पंडाल बनाए जाने का कार्य शुरू हो गया है। क्षेत्र भर में भव्य आकर्षण केंद्र बना रहेगा इस बार यहां काठमांडू के ठाकुर मंदिर के तर्ज पर आकर्षित पंडाल बनाया जा रहा है। इस बार करीब 10 लाख 50 हजार अनुमानित खर्च बताया गया है। पंडाल में 8 लाख 50 हजार रुपए खर्च कर बनवाया जा रहा है। झारखण्ड बिहार सीमा पर है भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। पूजा समिति द्वारा की तरफ से सीसीटीवी कैमरा से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाता है। युवा लड़कों मेला का भीड़ संभालने में लगें रहते हैं। आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा नृत्य कर मां दुर्गा को प्रसन्न करने में लगे रहते हैं कमिटी द्वारा उपहार भी दिया जाता है।

### क्या कहते हैं समाजसेवी अजय जयसवाल

पिछले वर्ष मिजाचौकी में अयोध्या के राम मंदिर तर्ज.पर आधारित मां दुर्गा का पंडाल बनाया गया था लगभग 10 लाख रुपए के लागत खर्च बैठा था हमारा हर साल मिजाचौकी क्षेत्रवासियों को कुछ नया देना कमिटी का उद्देश्य है।पीछले साल साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने मिजाचौकी स्थित पूजा पंडाल का उद्घाटन किया था।मंडरो प्रखंड के मिजाचौकी हाट बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा और भव्य मेला का पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने पिछले साल फीता काटकर उद्घाटन किया था। इस दौरान उन्होंने पूजा पंडाल का निरीक्षण भी किया था उन्होंने बताया था की जिले भर में बने सभी पूजा पंडालों में से यह सुंदर, भव्य और आकर्षक पंडालों की श्रेणी में है और यहां की व्यवस्था काफी सराहनीय है। साथ ही आयोजित होने वाले मेले को लेकर विधि-व्यवस्था से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी पूजा समिति को दिए थे।

## जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत 30 उग्रवादियों पर एफआईआर

मेट्रो रेज

**लातेहार :** सोमवार को पुलिस और जेजेएमपी के उग्रवादियों के बीच सदर थाना क्षेत्र के ओरैया-बोकाखाड़ जंगल में मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ मे झारखंड जगुआर के एक एएसआई व एक जवान के पैर में गोली लगी थी। हालांकि दोनों सुरक्षित हैं।

पुलिस ने इस मुठभेड़ मे जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा व जोनल कमांडर लवलेश गंझू समेत 30 से अधिक उग्रवादियों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने मामला दर्ज कराया है। इनमें 12 नामजद व 20 अज्ञात उग्रवादी शामिल हैं।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली इनपुट पर सोमवार की सुबह तकरीबन छह बजे सदर थाना क्षेत्र के ओरैया- बोकाखाड़ पुलिस सर्च आपरेशन में चला रही थी। इसी दौरान जेजेएमपी के उग्रवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई थी। इसमें झारखंड जगुआर के एक एएसआई व एक जवान घायल हो गये थे। उनके पैरों मे गोली लगी थी।

हालांकि दोनों सकुशल हैं। पुलिस ने यहां सर्च आपरेशन में तीन देसी बंदूक समेत भारी मात्रा में नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की थीं।

## हम सभी कांग्रेसी आपलोगों के साथ खड़ा हैं : ओझा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल ओझा साहिबगंज प्रखंड के बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्र में भ्रमण कर राहत सामग्री का वितरण किये।इसी क्रम में हर प्रसाद पंचायत के रामपुर छोटी दुर्गास्थान टोला में कॉग्रेस नेता अनिल ओझा ने कॉग्रेस के वरीय नेताओं के साथ गांव का दौरा किये एवं वहां के ग्रामीणों के समस्या से अवगत हुए।उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों ने साफ पीने के पानी और पशु चारा की किल्लत के बारे में बताया जिसे विभागीय अधिकारियों से बात कर पशु चारा उपलब्ध कराने की बात किये।साथ हीं ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अनिल ओझा ने अपने स्तर से सुखा राशन,सीलबंद पानी की बोतल इत्यादि वहां पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच वितरण किया।अनिल ओझा ने कहा की हम सभी कांग्रेसी इस दुःख की घड़ी में आपलोगों के साथ खड़े हैं और आगे भी आपके सुख और दुःख में साथ रहेगें।साथ हीं अरशद टोला तथा बिन टोला का भी दौरा किया गया और सबकी बातों को सुनकर उनके समस्या के समाधान हेतु प्रशासनिक पदाधिकारी से बात कर इनके जल्द समाधान करने हेतु बात की।मौके पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष महेंद्र पासवान,युवा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक संतोष स्वर्णकार,हर प्रसाद पंचायत के मुखिया सह कॉग्रेस मतस्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह,वरीय कांग्रेसी मो निजाम, अनूसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष राहुल पासवान, नगर उपाध्यक्ष आकाश चौधरी, नगर सचिव मो अंसारुल अंसारी, बुन्नी लाल सिंह के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर प्रेम और सद्भाव के साथ की पर्व मनाने की अपील

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/उधवा :** दुगार्पूजा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयासरत है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। जानकारी के अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राधानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान फ्लैग मार्च में पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा व राधानगर पुलिस बल शामिल थे। वही इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा ने लोगों से कहा कि त्योहार को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष चौकसी बरती जा रही है। लोग किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक कॉमेंट या भड़काऊ पोस्ट करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहीं से अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाती हो तो पुलिस को इसकी सूचना दे। वही पुलिस ने आम लोगों से प्रेम व सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की। मौके पर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई हसनैन अंसारी आदि पुलिस बल मौजूद थे।

## हरियाणा तो एक झांकी है झारखंड अभी बाकी है : पंचू सिंह

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** दो राज्य में हुए विधानसभा चुनाव जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा में प्रचंड बहुमत के साथ जहां भाजपा तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी जीत हासिल की है तो वहीं जम्मू कश्मीर में भाजपा अपने बहुमत बढ़ते हुए राज्य की दूसरी बड़ी पार्टी के रूप में उभरी जिसे लेकर मंगलवार को बरहरवा स्टेशन चौक पर भाजपा बरहरवा मंडल अध्यक्ष विक्की गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ कर मिठाइयां बांटकर एक दूसरे को बधाई देते हुए जीत का जश्न मनाया।मौके पर साहिबगंज जिले के भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष पंचू सिंह ने बताया कि हरियाणा तो एक झांकी है। झारखंड अभी बाकी है। हर राज्य में भाजपा की बढ़ती जनआधार से विपक्ष चारों खाने चित हो गए हैं।अब जनता मूड बना चुकी है जनता ने केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार पर भरोसा जताते हुए राज्य में भी भाजपा की सरकार लाने के मूड बना चुकी है आने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार वर्तमान के हेमंत सोरेन सरकार को ऊखार फेंक कर पुनः एक बार डबल इंजन के सरकार बनाएगी।और राज्य के चहूमुखी विकास करेगी।मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष छोटू लाल शाह पिनाकी पांडे मंजू देवी,ललित पासवान जयदेव महतो,जाधर रामानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसपी ने शहर के पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** दुर्गा पूजा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर रात्रि एसपी अमित कुमार सिंह ने शहर के विभिन्न इलाकों के पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी प्राप्त की। एसपी ने समिति के लोगों से कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना आवश्यक है। अग्निशमन यंत्र भी रहे इसका सभी ध्यान रखेंगे। मेला के दौरान अचानक से भीड़ हो जाती है। तो उसे स्थिति में सभी समिति के सदस्य पुलिस के साथ आपसी समन्वय बनाकर एक दूसरे का भरपूर सहयोग करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने का कार्य करेंगे। सभी पूजा पंडालो में पुलिस पदाधिकारी के साथ जवानों को सुरक्षा के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शराब के नशे में माहौल बिगड़ने का काम किया जाता है।वैसे लोगों पर समिति के सदस्य नजर बनाए रखेंहगे और पुलिस को इसकी सूचना तुरंत देंगे । एसपी ने बंगाली टोला स्थित रॉबर्टसन क्लब मंदिर,दहला दुर्गा स्थान मंदिर, मछुआ पट्टी स्थित दुर्गा मंदिर, कृष्ण नगर स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के दुर्गा मंदिर का जायजा लिया।निरिक्षण के दौरान एसडीपीओ किशोर तिर्की ,नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता जिरवाबाडी थाना प्रभारी पंकज दुबे के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### न्यूज IN ब्रीफ

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक लड़की के साथ हुए दुष्कर्म मामले में सोमवार को राधानगर पुलिस अपने दल बल के साथ लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी के घर पर पहुंची। जहां राधानगर पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर आरोपी के आत्मसमर्पण को लेकर थाना क्षेत्र के प्राणपुर एवं राजमहल थाना क्षेत्र के बैद्यनाथ टोला में पहुंचकर इश्तेहार चिपकाया। आरोपी भोला शेख घटना के बाद से ही लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे है। वही केस के अनुसंधानकर्ता एसआई हसनैन अंसारी ने बताया कि कांड संख्या 262/20 के नामजद आरोपी प्राणपुर निवासी भोला शेख दुष्कर्म सहित अन्य मामले के नामजद आरोपी है। बताया कि राजमहल व्यवहार न्यायालय के निर्देश के आलोक में आरोपी भोला शेख के घर पर इश्तेहार तामिला चिपकाया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्की जब्ती के पूर्व न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध इश्तेहार निकाला है। ताकि ससमय न्यायालय में प्रस्तुत हो सके। न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपित के घर इश्तेहार तामिला चिपकाकर ससमय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। आत्मसमर्पण नहीं करने पर उसके विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर राधानगर थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

## झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी का बदलाव संकल्प महासभा कार्यक्रम

**साहिबगंज:** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुण्डली शिव मंदिर मैदान परिसर में झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के द्वारा बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो का भाग लिए वहीं समर्थकों के द्वारा बमनगामा चोक पर टाईगर जयराम महतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया और साथ ही हजारों की संख्या में महिला पुरुष बदलाव संकल्प महासभा में भाग लिए कार्यक्रम को स्कार्पियो के ऊपर से संबोधित करते हुए टाइगर जयराम महतो कि दहाड़ से गुंजा पुरा राजमहल क्षेत्र कार्यक्रम में बताया गया कि मंच में अधिक कार्यकर्ता व वर्षा के कारण मंच टुट गया परन्तु कोई छति नहीं हुआ है।इस बार चुनाव विकास के नाम पर करना है। युवा को रोजगार से जोड़ने, सहित कई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समर्थकों में उर्जा भर दिया। मौसम खराब होने के कारण वर्ष होने पर पानी किचड़ में भी हजारों कि संख्या में भी समर्थकों को भीड़ बना हुआ था।भाषण के दौरान टाइगर जयराम महतो के द्वारा बताया गया कि झारखंड में बदलाव होना चाहिए।तभी जनता की समस्या का समाधान किया जायेगा। जैसे कहा सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं।जिसके कारण सरकारी विधालय पर आज पढ़ाई कि स्थिति बहुत ही घटिया है। झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी जितने पर नियोजन नीती,1932 खतियान नियम लागू, युवाओ को रोजगार, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा।इस मौके पर पार्टी के भावी विधायक प्रत्याशी मोतीलाल सरकार,जिला अध्यक्ष अर्जुन महतो, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शंचय कुमार महतो, युवा मोर्चा सचिव दिपक कुमार महतो,जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## यात्रियों के डिमांड पर वातानुकूलित डब्बा जोड़ा

**साहिबगंज :** मालदा से जमालपुर तक चलने वाली मालदा किउल इंटरसिटी एक्सप्रेस 13409,134010 मैं एक अतिरिक्त इकोनॉमी क्लास का एसी कोच जोड़ा गया है।यह ट्रेन मालदा रेलवे स्टेशन से चलकर फरक्का ,बरहरवा, तीन पहाड़, साहिबगंज, भागलपुर ,जमालपुर तक चलती हैं। बताया जाता है कि यात्रियों के डिमांड पर वातानुकूलित डब्बा जोड़ा गया है इसकी यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा उत्पन्न होगी इस संबंध में मालदा जनसंपर्क कार्यालय द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जानकारी दी हैं।

## घर में चोरी की शिकायत दर्ज

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के गुल्लीभट्टा निवासी मो. अफरोज आलम ने घर से एक लाख 70 हजार रूपय चोरी होने कि शिकायत नगर थाना प्रभारी से किया हैं।अफरोज ने बगल के ही रहने वाला एक नाबालिग पर चोरी करनें का आसंका का जाताया हैं।अफरोज ने बताया कि घर की अलमारी में एक लाख 70 हजार रूपया रखा था। सुबह में पत्नी के साथ बाहर जाने के लिए तैयार हो रहा था जब अलमारी मे देखा तो रूपय नहीं था।इधर पुलिस मामले कि छानबीन कर रही हैं।


## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को मिली तीसरी किस्त

**पलामूः** दुर्गा पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तीसरी किस्त हस्तांतरण को लेकर मंगलवार को स्थानीय टाउन हॉल में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के 3,49,318 लाभुकों के बीच 3,49,318000 रुपये ट्रांसफर किये गए। इसके बाद टाउन हॉल में 18 से 20 वर्ष के कुल 7 नये लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी दिया गया। इसस पूर्व उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त रंजन ने कहा कि पूजा के मद्देनजर सरकार आपके खाते में यह राशि ट्रांसफर कर रही है। यह राशि महिलाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त बनेगी तो हमारा पूरा समाज सशक्त होगा। मौके पर लोहरदगा में आयोजित हो रहे मंईयां सम्मान योजना की लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर डीएसओ प्रीति किस्कु, डीएसडब्ल्यूओ नीता चौहान, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद समेत काफी संख्या में लाभुक मौजूद थे।

## अभिजीत पावर प्लांट से लोहा चोरी करते तीन धराए

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत बाना गांव स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से लोहा चोरी करते हुए तीन युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर अग्रतर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। मंगलवार दिन को लगभग 09।30 बजे सुबह गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर अभिजीत पॉवर प्लांट, चकला से 5-6 चोरों को लोहा (स्क्रैप) की चोरी के लिए कटिंग करने की सूचना मिली थी। उपरोक्त बातें चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताई। सूचना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हुए गश्ती दल करीब 10।00 बजे सीएचपी फॉरेस्ट एरिया पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी व्यक्ति भागने लगे लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से भागते व्यक्तियों में से तीन व्यक्तियों को चोरी का लोहा (स्क्रैप) लदा बाइक सहित पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम नाजिर खान, मुजफ्फर खान व मो० शकील है।

# टाइगर श्रॉफ ने फैंस के बीच उत्साह बढ़ाया, एक और ब्लॉकबस्टर का वादा



**रोहित शेट्टी** निर्देशित 'सिंघम अगेन' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसमें एक ब्लॉकबस्टर होने के सभी तत्व मौजूद हैं. सबसे अलग है बॉलीवुड के वंडर बॉय टाइगर श्रॉफ, जो एसीपी सत्या के रूप में एक्शन फि ल्म में एक बार फिर से द टाइगर इफेक्ट को पूरी तरह से दिखाने के लिए तैयार हैं. टाइगर की फिल्मोग्राफी पर एक नजर डालने पर आपको पता चलेगा कि जब भी वह एक्शन स्टार के रूप में स्क्रीन पर नजर आये हैं, उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है, जिसका उदाहरण उनकी फि ल्में- 'हीरोपंती', 'वॉर' और 'बागी' फ्रैंचाइजी हैं. टाइगर की 'हीरोपंती' ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफि स पर 77.9 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, जो एक नए डेब्यूटेंट के लिए रिकॉर्ड तोड़ने वाला नंबर था. उन्होंने 2016 में शुरू हुई 'बागी' फ्रैंचाइजी के साथ बॉक्स ऑफि स पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा. 'बागी 2' में उनका अभिनय आज भी सबसे ज्यादा चर्चित है. यह वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफि स पर एस्टिमटेड 254.33 करोड़ रुपये की कमाई के साथ 2018 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फि ल्मों में से एक बन गई, जिसने इस फ्रैंचाइजी को बॉलीवुड में एक बेहतरीन एक्शन फ्रैंचाइजी के रूप में स्थापित किया. टाइगर की 'वॉर' ने सिनेमाघरों में धमाल मचाए रखा. 475.62 करोड़ रुपये के एस्टिमटेड नंबर के साथ, यह 2019 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक बन गई, जिसने टाइगर को बॉलीवुड के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया. और अब, 'सिंघम अगेन' के साथ, अभिनेता सफलता के इतिहास को दोहराने के लिए तैयार है.फिल्म के ट्रेलर में, जो शेट्टी के कोप यूनिवर्स में श्रॉफ की 'गर्जन' की शुरूआत है, एक्टर इस शानदार कोप यूनिवर्स के सबसे कम उम्र के मेंबर के रूप में ध्यान आकर्षित करते हैं. कई फैंस ने टाइगर को एक सुपरकॉप कहा, जिन्होंने अपने एक्शन, डांस और अभिनय कौशल के लिए खुद को एक सुपर एंटरटेनर के रूप में भी स्थापित किया है. अभिनेता अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, अर्जुन कपूर, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण और जैकी श्रॉफ के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते हुए दिखाई देंगे. यह फिल्म इस दिवाली सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

टाइगर श्रॉफ की ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी देने की आदत को देखते हुए, कोप यूनिवर्स में उनका शामिल होना पहले कभी न देखे गए थिएट्रिकल एक्सपीरियंस का वादा करता है.

टाइगर श्रॉफ के फैंस, जिन्हें प्यार से टाइगेरियन के नाम से जाना जाता है, फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. वहीं, अभिनेता 'बागी' फ्रेंचाइजी की चौथे इंस्टॉलमेंट के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी के लिए भी कमर कस रहे हैं. टाइगर श्रॉफ ने इस साल की शुरूआत में 'बागी 4' की घोषणा की थी. यह अगले साल रिलीज होने वाली है.


## शूटिंग के दौरान घायल हुए इमरान, फोटो वायरल

**बॉलीवुड** सीरियल किसर अभिनेता इमरान हाशमी फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के सेट पर वह घायल हो गए।



इसके बाद इमरान हाशमी डॉक्टर के पास ले जाया गया। इमरान हाशमी की गर्दन पर चोट लगी है और सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर सामने आने से उनके सभी प्रशंसक चिंतित हैं। इमरान हाशमी के फैंस उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों 'गुड़चारी 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के दौरान एक एक्शन सीन शूट करते वक्त इमरान हाशमी घायल हो गए थे। उनकी गर्दन जख्मी हो गयी। सोशल मीडिया पर इमरान हाशमी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें उनकी गर्दन पर चोट लगी हुई नजर आ रही है। वह डॉक्टर के पास गये और इलाज कराया। उनके घाव पर पट्टी बाँध दी गयी है। इमरान की ये तस्वीरें देखकर फैंस चिंतित हो गए हैं। वे एक्टर के जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## पहले हफ्ते में ही 'बिग बॉस 18' के घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री





**'बिग बॉस** 18' शुरू हुए अभी एक दिन ही बीता कि इस घर में पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। सलमान खान का यह शो इस बार काफी बदल गया है। इस बार बिग बॉस ने प्रीमियर में ही 'टॉप-2' फाइनलिस्ट की घोषणा कर दी। अब इस सीजन के पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। प्रतियोगियों के आते ही विवियन डेकेना की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। 'बिग बॉस-18' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी बिग बॉस की पहली वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट बनकर आ रही हैं। दोराबजी कोई और नहीं बल्कि विवियन डीसेना की पहली पत्नी हैं। वहाबीज की एंट्री से विवियन के घर में परेशानियां बढ़ जाएंगी। वाहबिज दोराबजी के घर में आते ही विवियन के कई राज खुलेंगे। हालांकि शो में वाइल्ड कार्ड के तौर पर वाहबीज दोराबजी की एंट्री की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन उनकी एंट्री के बाद गेम काफी दिलचस्प होना तय है। विवियन डीसेना की पहली शादी वाहबिज दोराबजी से हुई थी। इन दोनों ने अपने करियर की शुरूआत 2008 में सीरियल 'प्यार की एक कहानी' से की थी। इस शो में विवियन ने वैंपायर का किरदार निभाया था। इसी शो के दौरान वाहबिज और विवियन की प्रेम कहानी शुरू हुई थी। 2013 में उनकी शादी हुई, लेकिन उनकी शादी ज्यादा समय तक नहीं चल पाई और 2021 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद एक्टर को मिस्र के पत्रकार नूरन अली से प्यार हो गया। उन्होंने 2022 में गुपचुप तरीके से शादी कर ली। अब उनकी एक बेटी है तो वहीं एक्टर ने खुद भी अपना धर्म बदल लिया है।

बिग बॉस 18 में विवियन डिसेना, 'वायरल भाभी' हेमा शर्मा, वकील गुणरत्न सदावर्ते, आयशा सिंह, अरफिन खान और सारा खान, 'अनुपमा' अभिनेत्री मुस्कान बामाने, फिटनेस इन्फ्लुएंसर रजत दलाल, 'खतरों के खिलाड़ी 14' के विजेता करणवीर मेहरा , अरुणाचल प्रदेश के चुम दरांग, अविनाश मिश्रा, शिल्पा शिरोडकर, नायरा बनर्जी, श्रुतिका अर्जुन, बीजेपी नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा, एलिस कौशिक, ईशा सिंह की एंट्री हुई है।

### करण जौहर का बड़ा फैसला

## अब किसी भी फिल्म की प्री-स्क्रीनिंग नहीं करेगा धर्मा प्रोडक्शंस



**बॉलीवुड डायरेक्टर** और प्रोड्यूसर करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने एक बड़ा फैसला लिया है। धर्मा प्रोडक्शंस अब किसी भी फिल्म की प्री-स्क्रीनिंग नहीं करेगा। इस संबंध में प्रोडक्शन हाउस ने एक बयान जारी किया है। धर्मा प्रोडक्शंस के सह-संस्थापक करण जौहर और अपूर्व मेहता के हस्ताक्षरित इस पत्र में इसका कारण भी बताया गया है।

मीडिया को संबोधित करते हुए पत्र में कहा गया हैकि 'वर्षों से वास्तव में दशकों से धर्मा प्रोडक्शंस के साथ दर्शक मजबूती से खड़े रहे हैं, हमारी फिल्मों का समर्थन किया है, हमारे सपनों को शेयर किया है और हमारी जीत का जश्न मनाया है। इस यात्रा के दौरान आपका विश्वास हमारे लिए एक प्रेरक शक्ति रहा है। हम आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं और हर कवरेज, समीक्षा और प्रतिक्रिया हमारे लिए अमूल्य रही है, उन्होंने निस्संदेह हमें दर्शकों तक पहुंचने में मदद की है।' पत्र में आगे लिखा है, 'जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम खुद को एक ऐसे बिंदु पर पाते हैं, जहां हमें अपने दृष्टिकोण को अनुकूलित करना होगा और नया करना होगा। बहुत विचार-विमर्श के बाद हमने सर्वसम्मति से अपनी आगामी फिल्मों के लिए प्री-रिलीज स्क्रीनिंग से बचने का फैसला किया है।' हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है, लेकिन हमें लगता है कि यह कदम बहुत जरूरी है। मीडिया में हमारे दोस्तों सहित हर दर्शक हमारी कहानियों का गवाह है। प्रोडक्शन हाउस ने स्पष्ट किया कि हालांकि कोई प्री-रिलीज स्क्रीनिंग नहीं होगी, वे समय पर समीक्षा के लिए फिल्म की रिलीज के पहले दिन मीडिया के लिए एक स्क्रीनिंग का आयोजन करेंगे। 'हम अपनी फिल्मों की सफलता में समय पर समीक्षा और उनकी भूमिका के महत्व को समझते हैं। इसलिए, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम रिलीज के पहले दिन अपनी प्रत्येक फिल्म के लिए प्रेस स्क्रीनिंग का आयोजन करेंगे। हम सभी मीडिया कर्मियों का दिल से स्वागत करते हैं। भाग लेने के लिए, जहाँ आप हमारे नवीनतम निर्णय के साक्षी बनेंगे'। धर्मा प्रोडक्शंस फिलहाल आलिया भट्ट स्टारर 'जिगरा' के प्रमोशन में व्यस्त है।

### महिला टी20 विश्व कप: श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से पहले मंधाना ने कहा

# नेट रन रेट पहली प्राथमिकता नहीं

एजेंसी

**दुबई।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने चल रहे महिला टी 20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला खेलने से पहले कहा है कि नेट रन रेट (एनआरआर) उनकी पहली प्राथमिकता नहीं है।

ग्रुप ए एक करीबी मुकाबला बन गया है क्योंकि पांच में से चार टीमें दो-दो अंक लेकर बैठी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 रनों की हार के बाद भारत ने खुद को अजीबोगरीब स्थिति में ला दिया है। भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 6 विकेट की जीत के साथ अपने अंकों की शुरूआत की। हालांकि, भारत को




106 रनों का पीछा करने में 18.5 ओवर लगे।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की बड़े अंतर से हार भारत के लिए फायदेमंद हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट अब -0.050 हो गया है ओर अब वह एक जीत और एक हार के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गया है। ऐसे में भारतीय टीम फिर से सेमीफाइनल की रेस में आ गई है।

भारत वर्तमान में -1.217 के एनआरआर के साथ चौथे स्थान पर है। ग्रुप में भारत की स्थिति इस बात पर निर्भर करेगी कि वे श्रीलंका के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं।

मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'नेट रन रेट पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में हमारे दिमाग में चल रहा था। लेकिन यूएई में स्थितियां बहुत अलग हैं और तेजी से रन बनाना आसान नहीं है। पहली प्राथमिकता मैच जीतना है और यह टीम के लिए सबसे अच्छा क्या है और एनआरआर के संदर्भ में हम क्या कर सकते हैं, के बीच संतुलन है। मैंने पिछले गेम में अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन बाद में मैंने डॉट बॉल खेली, जो मेरे लिए परेशान करने वाला था। हम यह सोचकर मैदान पर नहीं उतर सकते कि हम किसी भी विपक्षी टीम पर हमला करेंगे और क्रूज करेंगे, स्थितियां और आउटफील्ड कठिन हैं। इन परिस्थितियों में एनआरआर के बारे में सोचने की बजाय पहली प्राथमिकता जीतना है। समूह निश्चित रूप से मुश्किल है, लेकिन यह सिर्फ शुरूआत है, हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।'भारत ने शुरूआती दो मैचों में अपनी बल्लेबाजी लाइनअप में प्रयोग किया है। कप्तान हरमनप्रीत कौर व्हाइट फर्न्स के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ जेमिमा रोड्रिग्स बल्लेबाजी करने उतरीं। मंधाना ने बदलावों पर बात की और जोर देकर कहा कि यह परिस्थितियों के अनुसार किया गया था। मंधाना ने कहा, 'विकेट की स्थिति और मैदान की स्थिति हमारी उम्मीद से अलग थी। यह [नंबर 3 की भूमिका] मैच की स्थिति पर निर्भर करता है, हम किसके साथ खेल रहे हैं, हम कहां खेल रहे हैं। मैं यह नहीं कहूंगी कि यह सब योजनाबद्ध था। यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि हम किसका पीछा कर रहे हैं, हम बल्लेबाजी क्रम तय करने के लिए इसे ध्यान में रखेंगे।'

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरूआती मैच से बाहर हुए विलियमसन

एजेंसी

**वेलिंगटन।** केन विलियमसन के भारत रवाना होने में देरी होगी और हाल ही में कमर में खिंचाव के कारण वह बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। विलियमसन को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान असहजता महसूस हुई थी और भारत में टीम में शामिल होने से पहले उन्हें रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार (9 अक्टूबर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दी। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने उम्मीद जताई कि विलियमसन रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद सीरीज में बाद में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।

वेल्स ने कहा, 'हमें जो सलाह मिली है, वह यह है कि केन के लिए सबसे अच्छा



उपाय यह है कि वह चोट को और बढ़ाने के जोखिम के बजाय आराम करें और पुनर्वास करें। हमें उम्मीद है कि अगर पुनर्वास योजना के अनुसार होता है तो केन दौरे के उत्तरार्ध के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि दौरे की शुरूआत से केन का उपलब्ध न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है, लेकिन यह किसी और को एक महत्वपूर्ण श्रृंखला में भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है।'

मार्क चैपमैन, जो टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, विलियमसन के कवर के रूप में टीम में शामिल होंगे। न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल टीमों में नियमित रूप से खेलने वाले चैपमैन का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.9 है, जिसमें छह शतक शामिल हैं, जिसमें 2020 में भारत ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। उन्होंने पिछली गर्मियों में प्लंकेट शील्ड में तीन मैचों में 245 रन बनाए, जिसमें ओटागो वोल्ट्स के खिलाफ 123 रन शामिल हैं।

वेल्स ने कहा, 'हमारा मानना है कि मार्क स्पिन के हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं और उपमहाद्वीप में उनका ट्रैक रिकॉर्ड बेहतरीन है। मार्क ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पिन को सक्रिय रूप से खेलने की क्षमता प्रदर्शित की है और उनके बेहतरीन प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड के साथ, हम उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जो भारत में जिस तरह की परिस्थितियों का सामना करने की उम्मीद है, उसमें सफल हो सकते हैं।'

इस बीच, माइकल ब्रेसवेल अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटने से पहले पहले टेस्ट के लिए टीम के साथ यात्रा करेंगे। उनकी जगह बाकी सीरीज के लिए ईश सोढ़ी लेंगे।

न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है-: टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), माइकल ब्रेसवेल (केवल पहला टेस्ट), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (केवल दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउथी, केन विलियमसन, विल यंग।

## रणजी ट्रॉफी 2024-25 के पहले दो राउंड के लिए मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में शामिल हुए तनुश कोटियन

**मुंबई।** ईरानी कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद तनुश कोटियन को 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 के पहले दो राउंड के लिए 16 सदस्यीय मुंबई टीम में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए में, मुंबई शुक्रवार को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में बड़ौदा से भिड़ेगी। रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप ए की अन्य टीमें जम्मू और कश्मीर, सर्विसेज, मेघालय, त्रिपुरा और ओडिशा हैं। मुंबई 18 अक्टूबर से शरद पवार क्रिकेट अकादमी में महाराष्ट्र की मेजबानी करेगी।

## फुटबॉल केन्या फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी बैरी ओटिएनो ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**नैरोबी।** फुटबॉल केन्या फेडरेशन (एफकेएफ) के मुख्य कार्यकारी बैरी ओटिएनो ने मंगलवार को औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा शासी निकाय के चुनावों से बमुश्किल दो महीने पहले आया है।

संचार अधिकारी से मुख्य कार्यकारी तक का पद संभालने वाले ओटिएनो ने पांच साल तक इस पद पर काम किया था, जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह अगले एफकेएफ अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। केन्या की राजधानी नैरोबी में जारी एक बयान में ओटिएनो ने कहा, 'इस प्रतिष्ठित पद पर पांच साल तक काम करने के बाद, मैंने पद छोड़ने और अन्य अवसरों का लाभ उठाने का फैसला किया है। एफकेएफ के साथ मेरा सफर फायदेमंद और परिवर्तनकारी दोनों रहा है।' नवंबर 2021 में, ओटिएनो और निक म्वेंडवा, जो एफकेएफ अध्यक्ष के रूप में फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं, को 2017 और 2021 के बीच महासंघ को सरकारी धन के दुरुपयोग और गबन से संबंधित आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। उस महीने के अंत में, तत्कालीन खेल कैबिनेट सचिव अमीना मोहम्मद ने महासंघ को भंग करने के बाद एफकेएफ को चलाने के लिए एक कार्यवाहक समिति नियुक्त की। विश्व फुटबॉल शासी निकाय फीफा ने तब सरकार द्वारा हस्तक्षेप जारी रखने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। केन्या को मार्च 2022 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से निलंबित कर दिया गया था।



फीफा द्वारा नौ महीने बाद अंतरराष्ट्रीय निलंबन समाप्त करने से पहले दोनों के खिलाफ मामला वापस ले लिया गया था और वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद उन्हें फिर से पद पर बहाल कर दिया गया था। दो बार अध्यक्ष रह चुके म्वेंडवा के अलावा, चार अन्य उम्मीदवार - सेवानिवृत्त अंतरराष्ट्रीय सैमी ओविनो, केन्या प्रीमियर लीग लिमिटेड के सीईओ जैक ओगुडा, टॉम अलीला और हुसैन मोहम्मद - भी शीर्ष एफके-एफ सीट पर नजर गड़ाए हुए हैं।

केन्या खेल अधिनियम 2013 के अनुसार, शासी निकायों में अधिकारियों को अधिकतम दो कार्यकाल तक सेवा करनी चाहिए, जिससे तकनीकी रूप से म्वेंडवा इस दौड़ से बाहर हो गए, लेकिन महासंघ प्रमुख के अनुसार, एफकेएफ ने 2016 से 2020 तक चलने वाले अपने पहले कार्यकाल के दौरान कानून के साथ खुद को संरेखित नहीं किया था। ओटिएनो को मौजूदा अध्यक्ष की पसंद का उम्मीदवार बताया जा रहा है, अगर म्वेंडवा को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है। दिसंबर में होने वाले एफकेएफ चुनाव महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि देश अगले साल फरवरी में 2025 अफ्रीका राष्ट्र चैंपियनशिप के फाइनल और तंजानिया और युगांडा के साथ 2027 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस की सह-मेजबानी करने वाला है।

# पंचमी की रात कोलकाता में देवी दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता में दुर्गा पूजा घूमने वालों का जनसैलाब यूं तो रविवार से ही सड़कों पर उमड़ने लगा है लेकिन पंचमी यानी मंगलवार की रात उमड़ी भीड़ ने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए । लाखों की संख्या में लोग अपने अपने परिजनों, दोस्तों रिश्तेदारों और साथी- मित्रों के साथ राजधानी कोलकाता में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों को घूमने के लिए पहुंच गए हैं। डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन के बीच इस साल मोहम्मद अली पार्क, भूकैलाश, तारा सुंदरी पार्क, भवानीपुर 75 पल्ली, सुरुचि संघ, श्री भूमि पूजा कमेटी, एकडलिया पूजा क्लब समेत साल्ट लेक के कई पूजा आयोजकों की ओर से बड़े पैमाने पर भव्य दुर्गा पूजा पंडाल बनाए गए हैं। इन्हें देखने के लिए पंचमी की रात पूरी राजधानी लोगों के जनसैलाब से पटी नजर आई। इस बीच लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने भी पहले से ही काफी सतर्कता बरती है।

कोलकाता के राजपथ यानी रेड रोड से लेकर सभी प्रमुख सड़कों को पुलिस ने दोनों ओर से 10-10 फीट लकड़ी से घेरकर एक अलग गलियारा तैयार किया है, जिस में घूस कर पूजा घूमने वाले पंडालों तक पहुंचेंगे और पंडालों के निकासी द्वार से निकल कर इन्हीं गलियारों से राजधानी के दूसरे क्षेत्रों में बने पूजा पंडालों तक पहुंचेंगे। पुलिस की इस विशेष व्यवस्था की वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा लोगों की भीड़ से मुक्त होने की वजह से कोलकाता में यातायात सामान्य है। इसके साथ ही पूजा पंडाल देखने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर की लंबी लाइन लगी रही। दर्शनार्थी दो दो घंटे इंतजार करने के बाद एक पूजा पंडाल का दर्शन कर पाये।



**राजधानी में उमड़ने वाली भीड़ की वजह से हावड़ा और सियालदह मंडल की ट्रेनों में भी भारी भीड़ उमड़ रही है :** भीड़ आलम ऐसा है कि बैंडल से लेकर हावड़ा तक एक के बाद एक ट्रेन गुजरती जा रही है लेकिन अत्यधिक भीड़ के चलते लोग चढ़ नहीं पा रहे हैं। काफी इंतजार के बाद लोग राजधानी के निकटवर्ती इलाकों से हावड़ा और सियालदह मंडल के जरिए कोलकाता पहुंचे हैं। महानगर की लाइफ लाइन कही जाने वाली मेट्रो में भी भीड़ का यही आलम है। यहां टिकट काउंटर पर भी एक साथ सैकड़ों लोगों की लाइन लग रही है।

**इस भीड़ के बीच जेब कतरो की भी चांदी हो गई है**
आपदा प्रबंधन, नगर निगम और सिविक वॉलिंटियरों की टीम भी लोगों को व्यवस्थित तरीके से राजधानी में पूजा घूमने में मदद कर रही हैं। कोलकाता में कमोबेश तीन हजार से अधिक पूजा पंडालों के बने होने के कारण पूरी राजधानी रोशनी से नहाई है। इधर चप्पे-चप्पे पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की टीम तैनात भी है और गश्ती भी लगा रही है। भीड़ के बीच हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने तो नजर रखी ही है, साथ ही पूजा आयोजकों की ओर से भी स्वयंसेवकों का गठन किया गया है जो पुलिस के साथ सामंजस्य बनाकर लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें सुरक्षित पंडाल में प्रवेश और निकास में सहयोग कर रहे हैं।

## अनंतनाग में आतंकियों ने सेना के दो जवानों का किया अपहरण

**एक सुरक्षित वापस पहुंचा, दूसरे की तलाश**

एजेंसी

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के जंगलों में मंगलवार देरशाम को आतंकियों ने सेना के दो जवानों का अपहरण कर लिया। घटना के तत्काल बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया। तलाशी अभियान आज भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि टेरिटोरियल आर्मी के दो जवानों का आतंकियों ने अनंतनाग के कोकरनाग इलाके के शांगस से अपहरण किया। एक जवान आतंकियों को चकमा देकर सुरक्षित पहुंच गया। इसी ने यह जानकारी सेना को दी। सेना ने सूचना के आधार पर पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर पूरे इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है।

## सपा ने उपचुनाव की छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में बुधवार को छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सपा अध्यक्ष ने छह उम्मीदवारों की सूची में अपने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को लेकर किए जाने वाले दावे वाले चेहरों को ?शामिल किया है। सपा अध्यक्ष ने अपने गढ़ की करहल सीट पर तेजप्रताप यादव को उतारा है। वहीं सबसे हॉट सीट अयोध्या की मिल्कीपुर से अपने बेहद करीबी और अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है।

इसी तरह कानपुर की सीसामऊ सीट पर अखिलेश यादव ने महाराजगंज जेल में बंद पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह प्रयागराज की फूलपुर सीट से मुस्तफा सिद्दीकी को टिकट दिया है। कटेहरी विधानभा सीट पर शोभावती वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मझवां सीट से ज्योति बिंद को टिकट देकर उप्र में उपचुनाव की तैयारियों में तेजी ला दी है।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार की तेजी और घरेलू मांग बढ़ने से आसमान पर चांदी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंकाओं की वजह से दुनिया भर के निवेशकों ने बुलियन मार्केट में निवेश बढ़ा दिया है, जिसके कारण सोना ऑल टाइम हाई के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। सोने के साथ ही चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल दर्ज की गई है। ये चमकीली धातु 97 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक भी पहुंच चुकी है। माना जा रहा है की दिवाली तक इसकी कीमत एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर सकती है।

घरेलू सराफा बाजार में चांदी की कीमत में हाल के दिनों में आए उछाल की मुख्य वजह इंटरनेशनल मार्केट में आई तेजी और घरेलू मांग में हुई बढ़ोतरी को माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत में पिछले 9 महीने के दौरान 9 डॉलर प्रति ऑन्स से अधिक की तेजी आ चुकी है। इस साल 1 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 23.19 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर कारोबार कर रही थी। 9 महीने में ही चांदी की कीमत 32.20 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर पहुंच गई। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के तनाव में और बढ़ोतरी हुई, तो चांदी की कीमत 38 से 40 डॉलर प्रति ऑन्स तक पहुंच सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी आने का सीधा असर भारत के सराफा बाजार पर भी पड़ेगा, क्योंकि सोने की तरह चांदी के लिए भी भारतीय बाजार काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार से होने वाले आयात पर ही निर्भर करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अगर चांदी की कीमत में उछाल आया, तो भारतीय सराफा बाजार में भी चांदी की कीमत तेज हो जाएगी। भारतीय सराफा बाजार में चांदी की कीमत में तेजी आने की एक वजह घरेलू डिमांड में बढ़ोतरी होना भी है।

## आरजी कर कांड : सीबीआई ने चार्जशीट में विस्तार से बताया कब-कब क्या-क्या हुआ

एजेंसी

**कोलकाता ।** आर.जी .कर मेडिकल कॉलेज की एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को सियालदह कोर्ट में पहली चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट के अनुसार, इस गंभीर अपराध का मुख्य आरोपित केवल एक व्यक्ति सिविक वॉलिंटियर संजय राय है। चार्जशिट में केंद्रीय एजेंसी ने एक-एक पल का अपडेट दिया है कि कब-कब क्या-क्या कैसे हुआ है। इसकी प्रति जो ?हिन्दुस्थान समाचार? के पास है, उसके मुताबिक इस मामले में पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन सीबीआई का दावा है कि इन तीनों में से एक ही मुख्य आरोपित है।

सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में बताया कि घटना नौ अगस्त को सुबह 4:03 से 4:31 के बीच हुई। इस दौरान मुख्य आरोपित, जिसे पहले ही कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है, ने सेमिनार रूम में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। यह आरोपित कोलकाता पुलिस द्वारा घटना के 12 घंटे के भीतर पकड़ा गया था और उसकी पहचान सिविक वॉलेंटियर के रूप में की गई है।



कोलकाता पुलिस ने भी अपने शुरूआती जांच में बताया था कि घटना सुबह 4:00 से 4:30 के बीच हुई। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपित के मूवमेंट का पता लगाया था, जिसके आधार पर उसे हिरासत में लिया गया। बाद में अदालत के निर्देश पर आरोपित को सीबीआई के हवाले कर दिया गया। सीबीआई की चार्जशीट में बताया गया है कि आरोपित के मूवमेंट की पुष्टि ट्रैफिक पुलिस और लालबाजार के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त फुटेज से हुई। फुटेज में देखा गया कि आरोपित रात 3:34 बजे बिल्डिंग के अंदर दाखिल हुआ। उस समय उसने टी-शर्ट और जीन्स पहनी थी, और उसके बाएं हाथ में हेलमेट और गले में हेडफोन था। बिल्डिंग में प्रवेश करने के कुछ मिनट बाद, वह वहां से बाहर चला गया और आधे घंटे बाद फिर से सेमिनार रूम में दाखिल हुआ। फुटेज में उसे सुबह 4:31 बजे सेमिनार रूम से निकलते हुए देखा गया। सीबीआई ने चार्जशीट में कहा है कि जब आरोपित बाहर निकला, तब उसके गले में हेडफोन नहीं था। इसी हेडफोन को बाद में कोलकाता पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया था, और इसी सबूत के आधार पर पुलिस ने सिविक वॉलेंटियर को गिरफ्तार किया था।

इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक मुख्य आरोपित है, जबकि बाकी दो आरोपित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के पूर्व थानेदार अभिजीत मंडल हैं। हालांकि सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि इन दोनों का सीधे तौर पर दुष्कर्म और हत्या से कोई संबंध नहीं है, बल्कि इन्हें सबूतों को नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### खदान धंसने से दो की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के लखनपुर थानांतर्गत बिजोरा नाला के पास बुधवार सुबह छुही खदान धंसने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा कि दोनों ग्रामीण सुबह 6 बजे छुही मिट्टी निकालने गए थे। छुही मिट्टी निकालने के दौरान यह हादसा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस शवों का पंचनामा कार्रवाई उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख**

## सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनाने की भी कोशिश हुई, लेकिन खरीदारी के जोर के कारण शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही बना रहा?। सुबह 10 बजे के करीब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का ऐलान होने के बाद शेयर बाजार में एक बार फिर जोरदार तेजी का माहौल बन गया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 4.29 प्रतिशत से लेकर 2.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर नेस्ले, ब्रिटानिया, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ओएनजीसी के शेयर 3.90 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,379 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,028 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 351 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



बीएसई का सेंसेक्स आज 319.77 अंक की मजबूती के साथ 81,954.58 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 81,692.46 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि 10 बजे के बाद जैसे ही आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का ऐलान किया, वैसे ही बाजार में उत्साह का माहौल बन गया और चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 369.29 अंक की मजबूती के साथ 82,004.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 52.65 अंक की तेजी के साथ 25,065.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक भी गिर कर 25,031.35 अंक तक आ गया। सुबह 10 बजे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों को यथावत रखने का ऐलान होने के बाद बाजार में आई तेजी के कारण इस सूचकांक ने भी जोरदार छलांग लगाई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 133.70 अंक उछल कर 25,146.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 584.81 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,634.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 217.40 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,013.15 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## भाजपा का राहुल गांधी पर निशाना, बताया अहंकारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के हरियाणा विधानसभा चुनाव हारने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। भाजपा ने राहुल गांधी को अहंकारी चेहरा बताया। बुधवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि अगर अहंकार और शालीनता की कमी का कोई चेहरा होता, तो वह राहुल गांधी का होता। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हार के कई घंटे बाद भी कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी को न तो मतदाताओं और न ही कार्यकताओं को धन्यवाद देने का समय मिला।उन्हें कश्मीर में उनके प्रदर्शन के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को बधाई देने का शिष्टाचार भी नहीं पता। कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं, कोई मीडिया बयान नहीं। अमित मालवीय ने कहा कि उस व्यक्ति से और क्या उम्मीद कर सकते हैं जिसने सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले गैरकांग्रेसी प्रधानमंत्री को बधाई तक नहीं दी, जिन्होंने अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल जीता। गांधी परिवार का यह अधिकार-बोध परेशान करने वाला है।

## असम के चार जिलों में बढ़ाई गई अफ्सपा कानून की मियाद

**गुवाहाटी।** असम के चार जिलों में आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (अफ्सपा) की मियाद अगले छह महीने के लिए बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में ऊपरी असम के शिवसागर, चराईदेव, डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों में मियाद बढ़ने की जानकारी दी गई है। असम में उग्रवादी गतिविधियों के मद्देनजर सन 1990 में अफ्सापा लागू किया गया था। इस कानून के लागू होने का विरोध शुरू से ही होता रहा है, क्योंकि इस कानून के आलोक में सुरक्षा बलों को विशेष अधिकार प्राप्त हो जाता है। इस कानून के जरिए सुरक्षा बल बगैर किसी वारंट के या बिना कोई कारण बताए किसी भी व्यक्ति को कहीं से भी गिरफ्तार कर सकते हैं। किसी भी स्थान पर सुरक्षा बलों को अभियान चलाने की इससे छूट मिल जाती है। हालांकि, समय के साथ धीरे-धीरे इस कानून के दायरे को काम किया जाता रहा। राज्य में शांति की स्थापना के साथ ही ऊपरी असम के चार जिलों को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों से इसे हटा दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय इन चार जिलों से भी आफ्सपा को हटाने की संभावना तलाश रहा था लेकिन बीते दिनों में इन जिलों में उत्पन्न हुए सुरक्षा पर संकट तथा खुफिया सूत्रों द्वारा दी गई गुप्त सूचनाओं पर विचार करते हुए गृह मंत्रालय को इन चार जिलों में आफ्सपा को अगले 6 माह तक बढ़ाने का निर्णय लेना पड़ा।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### सैमसंग इंडिया ने 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024' के विजेताओं की घोषणा की

**रांची:** सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख नेशनल एजुकेशन और इनोवेशन कॉम्पीटिशन 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' 2024 के तीसरे संस्करण की विजेता टीमों, इको टेक इनोवेटर और मेटल की घोषणा कर दी है। गोलाघाट, असम की इको टेक इनोवेटर टीम को स्कूल ट्रैक में 'कम्युनिटी चैम्पियन' घोषित किया गया है, जबकि उडिपी, कर्नाटक की मेटल टीम ने यूथ ट्रैक में 'एनवायरनमेंट चैम्पियन' का खिताब जीता है। इस प्रतियोगिता ने बड़े भारतीय शहरों से अलग दूरदराज के इलाकों तक प्रोग्राम की पहुंच को दिखाया है। इको टेक इनोवेटर ने गैर-संदूषित पीने के पानी तक समान पहुंच बनाने के लिए आइडिया विकसित किया, और इसे प्रोटोटाइप को आगे बढ़ाने के लिए 25 लाख रुपये का सीड अनुदान दिया गया है। मेटल ने भूमिगत जल से आर्सेनिक को दूर करने के लिए टेक्नोलॉजी विकसित की, और इसे आईआईटी दिल्ली में इनक्यूबेशन के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान मिला है। जेबी पार्क, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया और शोम्बी शार्प, यूनाइटेड नेशंस रेजिडेंट को-ऑर्डिनेटर, भारत ने इन टीमों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफियां प्रदान कीं।

### वी मुवीज एण्ड टीवी ने 175 रुपए के सुपर पैक पेश किया

**रांची :** दूरसंचार प्रदाता वी ने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए अपनी नई पेशकश वी मुवीज एण्ड टीवी सुपर पैक पेश किया है। वी मुवीज एण्ड टीवी अपने यूजर्स के लिए एंटरटेनमेन्ट की व्यापक रेंज लेकर आता है, जिसमें एक ही ऐप के तहत 17 तक ओटीटी ऐप्स. 350 लाइव टीवी चैनल और कई कंटेंट लाइब्रेरीज का कॉम्पलीमेंटरी एक्सेस शामिल है, जिसे पोस्टपेड एवं प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है। 'सुपर' पैक के नए एडीशन के साथ वी के प्रीपेड उपभोक्ता 15 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे सोनीलिव, जी5, मनोरमामैक्स, फैनकोड, प्लेफ्लिक्स आदि के साथ 10 जीबी डेटा का एक्सेस पा सकते हैं। रु 449 और रु 979 के वी हीरो अनलिमिटेड पैक के साथ रीचार्ज करने वाले सभी प्रीपेड उपभोक्ता वी मुवीज एण्ड टीची सुपर पैक के 15 से अधिक ओटीटी फायदों का लाभ उठा सकते हैं। ये पैक अनलिमिटेड कॉलिंग, डेली डेटा कोटा तथा रात 12 बजे से सुबह 6 बजे के बीच अनलिमिटेड हाई-स्पीड डेटा, वीकेंड डेटा रोलओवर और कई अन्य फायदे देते हैं।

### सोनमर्ग में अमेरिका का एक पर्यटक मृत पाया गया

**श्रीनगर ।** कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग में एक होटल में अमेरिका का एक पर्यटक बेहोश पाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि 84 वर्षीय पर्यटक को होटल के कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी सोनमर्ग में स्थानांतरित कर दिया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने मृतक पर्यटक की पहचान रनमा अलाउद्दीन राजाबली के रूप में की जो डलास टेक्सास संयुक्त राज्य अमेरिका का निवासी था। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की जांच जारी है।

### बंगाईगांव में बेटे ने की मां की हत्या

**बंगाईगांव (असम)।** जहां एक ओर राज्य भर में दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। वहीं, दूसरी ओर राज्य से लगातार एक के बाद एक पुत्र-पुत्रियों द्वारा अपनी माताओं की हत्या करने की खबरें आ रही हैं। नवरात्रि के मौके पर राज्य में अबतक तीन माताओं की हत्या पुत्रों के हाथों की जा चुकी है। इसी प्रकार की दिल दहला देने वाली एक खबर बंगाईगांव जिले से आज आयी, जहां एक युवक ने अपनी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने आज बताया कि युवक ने बीती रात धारदार हथियार से अपनी मां पर हमला किया।

यह घटना बंगाईगांव शहर के वार्ड नंबर 21 में हुई। प्रणव सूत्रधर (22) नामक आरोपित ने अपनी मां मेनका सूत्रधर (45) का मांस काटने वाले हथियार से गर्दन काट दिया। जिसके बाद तत्काल ही उसकी मौत हो गई। पेशे से मांस व्यापारी युवक ने पारिवारिक कलह के कारण अपनी मां की हत्या कर दी। मां की हत्या करने के बाद आरोपित हथियार के साथ बंगाईगांव थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक सवारों ने की युवक पर फायरिंग, मचा हड़कंप

**हरिद्वार।** जनपद के लक्सर बस अड्डे पर खड़े युवक पर बाइक सवार तीन युवकों ने गोलियां चला दी। युवक ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। दिनदहाड़े गोली चलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के सेठपुर गांव निवासी मनीष ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने साथी आदित्य निवासी केहड़ा के साथ लक्सर रुड़की तिराहे के निकट बस अड्डे पर खड़ा था। इसी बीच बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने उस पर तमंचों से गोलियां चला दी। उसने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मनीष के अनुसार बाइक पर सवार युवक लक्सर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ीकला गांव निवासी उदयवीर, आशु व काली थे। उदयवीर बाइक चला रहा था। उसके पीछे बैठे आशु व काली द्वारा उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। गोली चलने से मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठे होते देख बाइक सवार युवक मौके से भाग निकले। लक्सर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथान ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिनकी तलाश में पुलिस टीम को लगाया गया है।

### इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लाह कमांडर को बनाया निशाना, 7 की मौत

**दमिश्क।** इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लाह के एक कुख्यात कमांडर को निशाना बनाया। इजराइल के दो अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में इजराइल के सुरक्षाबलों ने एक आवासीय इमारत पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। यह हमला ईरानी दूतावास के पास किया गया। सुरक्षाबलों ने हथियारों की तस्करी में शामिल हिजबुल्लाह के कमांडर को निशाना बनाया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में इसका उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सीरिया की राज्य समाचार एजेंसी ने एक सैन्य स्रोत का हवाला देते हुए कहा कि रॉकेटों ने महिलाओं और बच्चों सहित सात नागरिकों की जान ले ली। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि है हमले में हिजबुल्लाह कमांडर मारा गया या नहीं। ईरानी दूतावास ने कहा कि हमले में कोई भी ईरानी नागरिक नहीं मारा गया। ना ही घायल हुआ। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल ने कल दक्षिणी लेबनान में और अधिक सैनिक भेजे हैं। इससे संकेत मिलता है कि इजराइल के सुरक्षा बल जमीनी आक्रमण को और तेज कर सकते हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के सैन्य अभियान के बाद गाजा का अधिकांश क्षेत्र खंडहर हो गया है। यह पहचान करना मुश्किल है कि गाजा की यह कौन सी बस्ती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल के नागरिक मांग कर रहे हैं कि अब ईरान की परमाणु क्षमताओं को निशाना बनाया जाए। इस बात का समर्थन अमेरिका में भी कुछ लोग कर रहे हैं। कुछ इजराइली अधिकारियों का मानना है कि यह संभव है।

सीरिया की सरकारी संवाद समिति 'सीरियन अरब न्यूज एजेंसी' (एसएएनए) के अनुसार इजराइल ने मंगलवार को दमिश्क के मेजाह में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया।

खाद्य पदार्थों के निर्माण में कपड़ा रंगने वाले कलर का प्रयोग

# खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई में भारी मात्रा में रंग जब्त

**दुमकाः** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में पाया गया है कि दुमका में कई होटल संचालक और स्ट्रीट फूड बेचने वाले दुकानदार खाद्य पदार्थों में वैसे कलर का प्रयोग कर रहे हैं, जिसका इस्तेमाल कपड़ा रंगने के लिए किया जाता है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के दौरान भारी मात्रा में कलर भी जब्त किया है। साथ ही दुकानदारों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। अब विभाग ऐसे दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में है।

**कई स्थायी और अस्थायी दुकानों की हुई जांच**

त्योहारों को देखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने मंगलवार को विभिन्न मिठाई दुकानों की जांच की। साथ ही कई मिठाई और दूसरे खाद्य पदार्थों का सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए रांची भेजा है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर कई दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया गया है।

**दुकान में मिठाई के साथ दवाई की बिक्री**

जांच के दौरान पाया गया कि जिला स्कूल रोड में नारायणी जलपान नामक दुकान में मिठाई के साथ-साथ दवाई की भी बिक्री की जा रही थी। इस पर विभाग ने आपत्ति जताई। साथ ही दुकान में मेवा काट रहे व्यक्ति को गुटखा का सेवन करते पाया गया। ऐसे में टीम ने फौरन सांकेतिक कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक पर दो हजार रुपये का जुमार्ना लगा दिया।

**मिठाई में केमिकलयुक्त रंग नहीं हो इस्तेमाल**

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकान के मालिक मुकेश कुमार दारूका को 10 दिनों के अंदर जुमार्ने की रकम चालान के जरिए जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही हिदायत दी गई है कि मिठाई में किसी तरह के केमिकलयुक्त रंग का इस्तेमाल न करें। साथ ही जिस मिठाई में जो-जो सामग्री इस्तेमाल की गयी है, उसे प्रदर्शित करें। साथ ही साफ-सफाई का भी ख्याल रखें।

**दुकान में मिला भारी मात्रा में हानिकारक रंग**

इधर, श्याम प्लाजा स्थित एक दुकान में खाद्य सामग्री के साथ बड़े पैमाने पर केमिकलयुक्त रंग पाया गया। टीम ने फौरन रंग को जब्त कर लिया। साथ ही दुकानदार को चेतावनी दी गयी कि खाद्य सामग्री वाली दुकानों में औद्योगिक रंग बिक्री करते पाया गया, तो एक लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है।

**स्ट्रीट फूड दुकानों की भी हुई जांच**

फूड सेफ्टी ऑफिसर ने एक विशेष अभियान चलाते हुए सड़क के किनारे अस्थायी चाट की दुकानों, चाउमीन की दुकानों और मांसाहारी खाद्य पदार्थ बेचने वाले की दुकानों की भी जांच की। जांच में कई गड़बड़ी पाई गई। जांच में न खाद्य पदार्थों के बेहतर रखरखाव की व्यवस्था थी और न ही खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा था। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया और जल्द से जल्द फूड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया।

**फूड सेफ्टी ऑफिसर ने दी जानकारी**

इस संबंध में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने कहा कि जिस कलर को दुकान से जब्त किया गया है उसका प्रयोग खाद्य पदार्थों को रंगीन बनाने में किया जा रहा था।

## झारखण्ड युवा वाहिनी भारत एवं प्रदेश युवा मोर्चा का कार्यक्रम 24 दिसम्बर को



**झारखण्ड** में अपनी दमदार और सशक्त उपलब्धि के कारण उत्कृष्ठ पहचान रखने वाला झारखण्ड युवा वाहिनी भारत एवं युवा मोर्चा झारखण्ड जनता पार्टी के तत्वाधान में आगामी 24 दिसम्बर को युवा सांसद कार्यक्रम पटना में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में सबसे मुख्य बाते यह है कि इस कार्यक्रम में राजनीतिक मूल्य से संबंधित विशेष परिचर्चा होगी तथा उत्तर प्रदेश बिहार और झारखण्ड के अधीन ही होगा। इस कायक्रम की सबसे बड़ी और उपलब्धि वाली बात यह है कि इसमें युवा सांसदों की सहभागिता तथा युवामंत्रीगण भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड युवावाहिनी भारत एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा ने लोगों को सादर आमंत्रित करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक उपस्थित हों तथा कार्यक्रम में शिरकत करें। यह कार्यक्रम युवाओं के हित और सहभागिता को समर्पित है और यह कार्यक्रम अशोक सम्राट कंवेक्त सेंटर में आयोजित है और इस कार्यक्रम में सहभागिता और शामिल होने के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, युवावाहिनी भारत आदित्य राज के नेतृत्व में प्रायोजित है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी के जतरमा में तीन फेरी वालों की हत्या

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी थाना क्षेत्र के कमरोड़ा पंचायत की जतरमा गांव स्थित नदी किनारे तीन लोगों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। घटना रविवार की बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने मंगलवार को गांव से शव बरामद किया। बताया जाता है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव में रहकर कुछ लोग गांव-गांव में घूम-घूम कर फेरी करते थे। रविवार को तीन लोग फेरी करने जतरमा गांव गए थे, लेकिन रविवार को बंदगांव स्थित अपने डेरा नहीं पहुंचे। इसके बाद तीनों के साथी सोमवार को खोजबीन के लिए जतरमा गांव गए तो तीनों की हत्या किए जाने के बारे में जानकारी मिली। तीनों की हत्या निर्मम तरीके से की गई है।

सीढ़ीनुमा डंडे में बांधकर सर को पत्थर से कुचल दिया गया है, साथ ही गुप्तांग भी काट दिए गए हैं। इधर अपने साथियों की हत्या की जानकारी बंदगांव पुलिस को दी। जतरमा गांव बंदगांव थाना क्षेत्र से सटे होने व घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण गुदड़ी व बंदगांव थाना की पुलिस की टीम ने मंगलवार को गांव पहुंचकर शव बरामद किया। हालांकि शाम हो जाने के कारण शव को टेबो थाना में ही रखा गया था, पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नहीं लाया जा सका। हालांकि हत्या क्यों की गई है और किसने की है इस बात का पता नहीं चल पाया है। वहीं घटना को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिला के पुलिस कप्तान आशुतोष शेखर ने भी पुष्टि की है। बुधवार को तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल या चाईबासा भेजा जाएगा।

## गोगो दीदी योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं झ बीडीओ

**सरायकेला :** गोगो दीदी योजना को लेकर चांडिल के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने सूचना जारी की है। ज्ञापांक 697 के तहत मंगलवार को जारी सूचना में उन्होंने कहा है कि चांडिल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों द्वारा ह्लगोगो दीदी योजनाह्व के नाम से 2100 रुपये प्रति महिला को लाभ देने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत चांडिल प्रखंड में ह्लगोगो दीदी योजनाह्व के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है और न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन पत्र जारी किया गया है। आम लोगों से ऐसे भ्रामक विज्ञापन से सावधान रहने का अनुरोध किया गया है। क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता गोगो दीदी योजना के नाम से महिलाओं से आवेदन फार्म भरवाएं जा रहे हैं।

भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल के योगदान देने के पश्चात से विभागीय कार्यों में आयी है तेजी

# अभियंताओं की पदस्थापना कर विकास कार्यों को गति तेज करने की प्रयास भी है जारी

**बिनय मिश्रा**





**भारतीय** प्रशासनिक सेवा 2008 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ और अपने दायित्व के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी और भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल के द्वारा पदस्थापनाकाल के पश्चात से ही विभाग को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर और बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं जो उनके बेहतर कार्यदक्षता का परिचायक है। श्री राजकमल की यह विशेषता और उपलब्धि ही है कि वे जहां भी पदस्थापित रहें अपने बेहतर कार्यों से विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के साथ-साथ विभाग को बेहतर बनाने में भी सफल रहें। कहते हैं अधिकारी की दृढ़ इच्छा शक्ति कामयाबी की सफलतम मंजिल मानी जाती है और बेहतर कार्य हमेशा अधिकारी को लोकप्रिय बनाता है। भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल विभाग के दायित्व को संभालने के साथ ही अपने बेहतर प्रयास और कुशल कार्यों से भवन निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने का कार्य किया है और सबसे बड़ी उपलब्धि की बात यह है कि भवन निर्माण विभाग की समस्याओं को जानने के साथ-साथ उसके निस्पादन हेतु भी गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। अभियन्ताओं की पदस्थापना उनके अनुभव और कार्यदक्षता के अनुरूप करने की दिशा में पहल भी काफी सराही जा रही है। इससे पूर्व वे नगर विकास और आवास विभाग उत्पात सचिव के अलावे कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों के सचिव भी रह चुके हैं। 2008 बैच के आईएएस अधिकारी की प्रथम पदस्थापना स्थल मधुपुर में अनुमण्डल पदाधिकारी के रूप में हुयी थी। इसके पश्चात राँची के डीडीसी, बोकारो के उपायुक्त, देवघर के उपायुक्त के पश्चात पश्चिम सिंहभूम जिला में सर्वाधिक समय तक उपायुक्त रहने का पुरे राज्य में इनके नाम दर्ज है और इस जिला में सात पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना भी एक रिकार्ड है। इसके बाद सरायकेला-खरसवां जिला के वे उपायुक्त रहें जहां इनकी पदस्थापना काल के दौरान सरायकेला-खरसवां जिला भी विकास कार्यों के फलस्वरूप पुरे राज्य में अपना सशक्त पहचान बनाने में सफल रहा था। ऐसे आईएएस से निश्चित तौर पर राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

हनुमान मंदिर में नवरात्र के छठे दिन हुई विशेष पूजा अर्चना

## मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक ने पूजन के पश्चात प्रसाद का किया वितरण








**ज्योति पाठक**

**नवरात्र** के छठे दिन आज प्राचीन हनुमान मंदिर में माँ दुर्गा की कात्यायनी की स्वरूप की विशेष पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक माँ के आराधना में पूजा में लीन रहें। माँ की आराधना करते हुए श्री पाठक ने सबों के लिए सुख समृद्धि और भक्तजनों की कल्याण करने के लिए माँ से विनती भी की। गौरतलब हो कि चक्रधरपुर शहर के हृदय स्थली माने जाने वाला बाटा रोड में अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में माँ दुर्गा की पूजा अर्चना मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक के द्वारा की जाती है। माँ के निरंतर नौ दिनों तक विशेष पूजा अर्चना और आराधना के अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालु भी मुख्य रूप से उपस्थित रहते हैं। नौ दिनों में मंदिर प्रांगण में अद्भूत असीम सुख शांति और माँ के ममता का बोध होता है। यही नहीं शाम को विशेष आरती के समय भक्तजनों की उपस्थिति भी देखते ही बनती है तत्पश्चात भक्तजनों के बीच प्रसाद भी वितरित किये जाते हैं। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए विष्णु पाठक ने बताया कि नवमी के दिन कन्याओं को भोग के रूप में प्रसाद खिलाये जायेंगे और दशमी के दिन भी माँ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी।

## विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने ट्रांसफार्मर बदलवाया



**सिमडेगाः** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत बॉस्को नगर जामटोली में माननीय विधायक कोलेबिरा के पहल से ट्रांसफार्मर लगाया गया तथा उनके प्रतिनिधियों कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया ग्रामीणों के द्वारा पार्टी के पदाधिकारी को सूचित किया गया था पिछले 1 माह से ट्रांसफार्मर खराब था जिसके चलते विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही थी और ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने बताया हमारे गठबंधन सरकार हर छोटी बड़ी समस्या को लेकर गंभीर है तथा कार्य कर रही है विद्युत के क्षेत्र में जितने भी खराब ट्रांसफार्मर 25 केवि 63 कवि 100 केवि या 200 केवि के हैं उनको पूरे प्रखंड में तथा विधानसभा में भी चिन्हित किया जा चुका है उसको धीरे धीरे लगवाने का कार्य कर रही है करीब 16 नये ट्रांसफार्मर अभी मांगे गए हैं उनको लगाया जाएगा साथ ही सरकार नया विद्युतीकरण योजना के तहत सभी गांव में जहां विद्युतीकरण नहीं हो पाई है पिछले सरकार या कंपनियों की लापरवाही के कारण उसे पर कार्य कर रही है और जल्द से जल्द लगाया जाएगा विद्युतीकरण के समान संबंधित कंपनी को सरकार द्वारा मुहैया कराया गया है विद्युत पोल वगैरह गिरना शुरू भी हो चुका है। सबसे बड़ी बात हमारी कांग्रेस जेएमएम गठबंधन की मुख्यमंत्री खुशहाली योजना के तहत सरकार 200 यूनिट तक बिजली फ्री कर दिया है तथा पिछला बकाया बिल को माफ कर दिया गया है जीरो बिल उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है लोग इसका फायदा भी उठा रहे हैं

मौके पर कोलेबिरा विधानसभा यूथ अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग राकेश कोनगाडी डॉन बॉस्को फादर ज्योतिष किंडो अनिल मुंडा कुलदीप टेटे अनूप सोरेंग तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चांडिल क्षेत्र शक्ति की आराधना के लिए तैयार

**चांडिलः** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर मनाए जाने वाली दुर्गा पूजा की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। देवी मां की प्रतिमा और पूजा पंडाल पूरी तरह से आकार ले लिया है। पूजा आयोजन समिति अपने आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। पूजा पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया-संवारा गया है। बिजली के बल्बों के अलावा फूलों से पंडाल और आसपास के क्षेत्र को सजाया जा रहा है। घर से लेकर बाजार तक दुर्गोत्सव का उमंग देखा जा रहा है। दुर्गा पूजा के दौरान कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत का प्रतिकार भी देखने को मिलेगा। वैसे नवरात्रि के प्रारंभ से ही अनुमंडल क्षेत्र में शंख और मंत्रों की ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। विभिन्न मंदिरों में सुबह-शाम नवरात्र की पूजा और आरती में महिलाओं की भीड़ जुट रही है। चांडिल प्रखंड के श्रीश्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति फदलोगोड़ा की ओर से इस वर्ष दुर्गोत्सव की तैयारी भव्य रूप से की गई है। समिति की ओर से दुर्गा पूजा को लेकर इस वर्ष काल्पनिक मंदिर का भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है। वहीं माता की आकर्षक विशाल प्रतिमा बनाई गई है। पूजा पंडाल और प्रतिमा बनाने का काम अंतिम चरण में है। प्रतिमा और पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। समिति की ओर से महाषष्ठी से विजया दशमी तक रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों का डांस, माता रानी का जागरण व झांकी और झूमर संगीत प्रमुख है। वहीं आसनबनी में भी दुर्गोत्सव की तैयारी चरम पर है।

## समाज विरोधी दलालों से सावधान रहें लोग : विधायक



**ठेठईटांगरः** प्रखंड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत के गिरजा टोली में मेरोमडेगा पुर्वी क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक और राजनैतिक चेतना को जागृत करने तथा अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूकता फैलाने एवं अपनी एकता अखंडता अछून्न रहे, इन मुद्दों पर एक विशेस बैठक का अयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं पूरे कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों का स्वागत पुरे गर्मजोशी के साथ नाच-गान कर किया गया।

स्वागत उपरांत विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते परिवेश में आज हमारे ही बीच के कुछ दलाल किस्म के लोग,अपने ही समाज को भाजपा और झापा के इशारे पर कमजोर करने और आपस मे लड़ाने का कार्य कर रहे है। ऐसे लोगों से हम सभी को सचेत रहने और स्वयं के अंदर राजनीति जागरूकता उत्पन्न करने की जरूरत है। ताकि हम भाजपा की कठपुतली बने नेता और उनके पार्टियों से स्वयं और अपने समाज को पिछलग्गू बनाने से बचा सके। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को गत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए भी धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने हर तरीका आजमाया और कई वोटकटवा लोगों जैसे झापा एनोस एक्का ने अपना प्रत्याशी दिया,भाजपा के दुसरे अघोषित प्रत्यासी बसंत लोंगा को आर्थिक मदद कर चुनाव में खड़ा करवाया।किन्तु जनता जागरूक है।इसे क्षेत्र की जनता ने सभी को दिखा दिया। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द विधानसभा चुनाव भी होंगे जिसमे लोकसभा चुनाव वाले जोश की उन्हें व उनकी कांग्रेस पार्टी को पुनः आवश्यता होगी और उन्हें आशा है कि जनता पुनः उसे दोहराने और भाजपा और उसके पिछलग्गू झापा एनोस एक्का के पार्टी को विधायकी से दूर रखने का कार्य करेगी। लोगों का अब झापा और भाजपा से मोह भंग हो चुका है। लोकसभा चुनाव में भी हमारी जनता ने दोनों ही पार्टियों को सबक सिखाने का काम किया है। आगामी विधानसभा चुनाव तक पुरा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत फिर से होगी। अपने भाईयों के विरुद्ध भड़काने का काम ये दोनों पार्टियां कर रही है। जिससे कि हम आपस में लड़े और कमजोर हो जाएं।भाजपा की ये शुरू से मंशा रही है कि इस छेत्र को संबिधान की पांचवीं अनुसूची के तहत मिले अधिकार के तहत अनुसूचित छेत्र को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जा सके। डिलिस्टिंग करने की कोशिश की जा रही है। अब इस देश की जनता अपने हक और अधिकार तथा संबिधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गई है।इस देश मे अब सिर्फ मुद्दों की बात होगी।मुद्दों से भटकाने की राजनीति इस देश में अब नही चलेगी।

# नव युवक संघ हॉकी चैम्पियनशिप का हुआ आगाज

**मेट्रो रेज**



**ठेठईटांगरः** प्रखंड के लठ्ठाखम्हन खेल मैदान में नव युवक संघ हॉकी एशो . लठ्ठाखम्हन द्वारा 08 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 2024 तक आयोजित *36 वी नव युवक संघ हॉकी चैंपियनशिप 2024 महिला और पुरुष* का आज विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि ठेठईटांगर प्रखंड के प्रमुख श्री बिपिन पंकज मिंज, हॉकी सिमडेगा के वरिष्ठ पदाधिकारी सह तकनीकी प्रकुख पैंखरासियस टोप्पो, लठ्ठाखम्हन विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय नंद एवम अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। पुरुष वर्ग के उद्घाटन मैच में कुडपानी प्रधान टोली ने बरबेड़ा को पेनाल्टी शूटआउट में 5=4 से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया, जबकि महिला वर्ग उद्घाटन मैच में महारानी दुर्गावती क्लब रूंघुडेरा ने भेड़ी टोली को 03=00 गोल से पराजित किया।एक अन्य मैच में आदनबेड़ा ने लोकोटोली को पेनाल्टी शूट में 4=2 से पराजित किया।

मुख्य अतिथि बिपिन जी ने खिलाड़ियों और दर्शकों को अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि नव युवक संघ हॉकी एशो . लठ्ठाखम्हन द्वारा विगत साढ़े तीन दशक से भी इस ऐतिहासिक हॉकी प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन करना अपने आप बहुत बड़ी उपलब्धि है जब जिला में महिला हॉकी वर्ग के लिए कोई आयोजन नही होता तब से यहा ग्रामीण खिलाड़ियों को मंच दिया जा रहा है वो बहुत ही सराहनीय है ,आज इसी का परिणाम है भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे इस प्रतियोगिता से सुरुवात कर आज ओलंपिक से लेकर विश्व के सभी बड़े प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर रही है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत 1989 से इस प्रतियोगिता का स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों के द्वारा इस खेल प्रतियोगिता की शुरूवात की गई थी तब से ही हर वर्ष अक्टूबर माह में यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती रही और इस इलाके के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही है। पूर्व मुखिया स्व जोसेफ बा, स्व खीस्तीफर किड़ो इत्यादि के सरंक्षण से यह प्रतियोगिता का सफलता रहा था,और आज भी जारी है, जिसके लिए पूरे गांव के लोगों को सहयोग रहता है।

आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकुट डुंगडुंग,बसंत बा, अनूप केरकेट्टा, एल्शन किड़ो, अवतार डुंगडुंग, राजन डुंगडुंग, ऐनुल केरकेट्टा, रोहित बेसरा, इत्यादि की मूल्य भूमिका रही।